लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी




पीटर विल्सन की फिल्म 'ऑब्सेस' का ट्रेलर जारी



इन फिल्मों ने दिलाई शोहरत


वर्ष : 12 | अंक : 145 | लखनऊ, 18 मई, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## खबर संक्षेप

### सनातन विरोधी उदयनिधि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा



**नई दिल्ली।** सनातन के खिलाफ अक्सर जहर उगलने वाले डीएमके विधायक और तमिलनाडु के नेता विपक्ष उदयनिधि स्टालिन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सीएम विजय के सामने विधानसभा में सनातन को खत्म करना ही होगा वाला मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। पहले भी उदयनिधि ने सनातन पर इसी तरह की टिप्पणी की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा था।

### कंटेनर की टक्कर से ऑटो सवार 3 की मौत



**शाहजहांपुर।** जिले में कांट-जलालाबाद हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार डंपर से ऑटो को टक्कर लग गई। हादसे में कांट थाना क्षेत्र के गांव बवक्करपुर निवासी सनी कुमार की पत्नी रामक्षत्रिय व जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला यूसुफजई निवासी 45 वर्षीय कल्लू और उनकी पत्नी राबिया की मौत हो गई। हादसे में 4लोग घायल हो गए हैं।

### डंपर-वैन की भिड़ंत में 4 लोगों की गई जान



**हमीरपुर।** जिले में बागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की अर्टिगा वैन रविवार दोपहर मौदहा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-34 पर डंपर से टकरा गई। इस हादसे में एक ही परिवार की एक महिला समेत 4लोगों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई।

### एक्सप्रेस-वे पर स्कॉर्पियो पलटी, 3 लोगों की मौत



**बालोतरा।** राजस्थान के बालोतरा जिले में रविवार सुबह भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। आसोतरा गांव के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में 3लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक मासूम बच्चे सहित 4 अन्य लोग घायल हो गए।

### रिंद नदी में 4 युवक डूबे 4 को बचा लिया गया



**फतेहपुर।** जिले में रविवार को रिंद नदी में नहाते समय 8 युवक गहराई में जाने से डूब गए। मछुआरों की मदद से चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। 4 युवकों की मौत हो गई। ललौली थाना क्षेत्र के तपनी निवासी हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश और शान की डूबने से मौत हो गई। ललौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने गुजरात को दी सौगातें

# अहमदाबाद में 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' और 'ग्रेमी सिटी कैंपस' का किया उद्घाटन





राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद, गुजरात में नवनिर्मित 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' और 'ग्रेमी सिटी कैंपस' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना देश को तकनीक और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में आगे ले जाना है, जिसे यह परियोजना एक बड़े मील के पत्थर के रूप में आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, उच्च कौशल और उद्यमिता आधारित उद्योगों का विस्तार गुजरात को न्यू-एज टेक्नोलॉजी का नेतृत्वकर्ता बनाएगा।

शाह ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप टेक जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि सरकार रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, एआई, ऑटोमेशन, साइबर सिक्योरिटी, डिफेंस और स्पेस टेक जैसे क्षेत्रों को तेजी से बढ़ावा दे रही है।

**एआई और डीपटेक में भारत की भूमिका बढ़ी**

मोदी सरकार के विजन को जमीन पर उतारा तकनीक और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ाने का लक्ष्य

इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सेवा क्षेत्र को नई दिशा द रहे



शाह ने कहा कि अब गुजरात को सेवा क्षेत्र में भी शीर्ष तीन राज्यों में लाने का लक्ष्य है। अहमदाबाद को बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे शहरों के समकक्ष विकसित करना जरूरी है। टेक पार्क और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर अहम भूमिका निभाएंगे।

### औद्योगिक मॉडल और विकास बढ़ेगा

उन्होंने कहा कि 2002 से गुजरात में औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को व्यवस्थित रूप दिया गया है। उनके अनुसार, गुजरात ने हर क्षेत्र में मजबूत कदम बढ़ाए हैं और औद्योगिक विकास में देश के शीर्ष राज्यों में अपनी जगह बनाई है।

### हाई वैल्यू नौकरियों का सृजन होगा

लगभग 1100 करोड़ रुपए की लागत से विकसित यह टेक पार्क 13.5 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फैला है। इसकी पहली चरण में 9,000 हाई-स्किल प्रोफेशनल्स के लिए आधुनिक कार्य वातावरण उपलब्ध होगा। 5 वर्षों में 7चरणों में लगभग 15,000 करोड़ रुपए के निवेश से 63,000 से अधिक हाई-वैल्यू नौकरियों के सृजन का लक्ष्य रखा गया है। इस परिसर में कमर्शियल स्पेस के साथ-साथ मॉल, होटल और रेजिडेंशियल सुविधाएं भी शामिल हैं।

### रियल एस्टेट और टाउन प्लानिंग शिक्षा के क्षेत्र में अहम

शाह ने कहा कि यह रियल एस्टेट और टाउन प्लानिंग शिक्षा के क्षेत्र में अहम है। उन्होंने कहा कि जब टाउन प्लानिंग सही नहीं होती, तो शहरों का संतुलित विकास नहीं हो पाता। मोदी सरकार की अर्बन प्लानिंग सुधारों ने इस क्षेत्र में नए युग की शुरुआत की है। यह संस्थान भविष्य में देश के रियल एस्टेट सेक्टर में आधुनिक सोच और कुशल नेतृत्व तैयार करेगा।

### अत्याधुनिक डेयरी प्लांट का भी किया लोकार्पण

#### किसानों को मिलेगा सीधा लाभ डेयरी ढांचे को मिलेगी मजबूती

गुजरात के गांधीनगर जिले के दशीला गांव में स्थित मधुर डेयरी के अत्याधुनिक फुली ऑटोमेटेड मिल्क प्रोसेसिंग एंड पैकेजिंग यूनिट का उद्घाटन रविवार को शाह ने किया। यह परियोजना राज्य के डेयरी सहकारी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम है। अमूल फेडरेशन के अंतर्गत जीसीएमएमएफ से संबद्ध मधुर डेयरी एक सहकारी संस्था के रूप में कार्य कर रही है। दुग्ध उत्पादकों को लाभ होगा।



**नई यूनिट से उत्पादन क्षमता में बड़ा विस्तार**

करीब 128 करोड़ की लागत से तैयार इस आधुनिक संयंत्र की प्रारंभिक क्षमता 2.5 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे 5 लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाया जा सकता है। मधुर डेयरी की कुल प्रसंस्करण क्षमता भी 5 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है।

**दूध उत्पादकों और उपभोक्ताओं को लाभ होगा**

इस नए संयंत्र के शुरू होने से किसानों को उनके दूध का बेहतर और लाभकारी मूल्य मिलेगा, जबकि उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले दूध और विविध डेयरी उत्पाद मिल सकेंगे।

## बिखरे हीरे को कुछ यूं संजो रही है केंद्र की मोदी सरकार

# दिव्यांग हाई-जंपर प्रवीण कुमार को मिलेगा देश का सर्वोच्च पद्म सम्मान



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

विपरीत परिस्थितियों को अपनी ताकत बनाकर दुनिया में भारत का परचम लहराने वाले युवा पैरा हाई जंपर को मोदी सरकार ने पद्म सम्मान के लिए चुना है। खेल जगत में 'अनचीन्हे नायक' के रूप में उभरे प्रवीण कुमार की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि उन लाखों दिव्यांग युवाओं के सपनों की जीत मानी जा रही है, जो कठिनाइयों के बावजूद बड़े लक्ष्य हासिल करने का साहस रखते हैं।

15 मई 2003 को एक साधारण परिवार में जन्मे प्रवीण कुमार बचपन से ही शारीरिक चुनौतियों से जूझते रहे। उनका एक पैर दूसरे से छोटा है, लेकिन इस कमी को उन्होंने कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। शुरुआत में उनकी रुचि वॉलीबॉल में थी। खेल के दौरान उन्होंने महसूस किया कि वह असाधारण ऊंचाई तक छलांग लगा सकते हैं और कई सामान्य खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी आत्मविश्वास ने उन्हें इंटर-स्कूल प्रतियोगिता में हाई जंप आजमाने के लिए प्रेरित किया और यहीं से उनके ऐतिहासिक सफर की शुरुआत हुई। प्रवीण कुमार के जीवन में बड़ा मोड़ तब आया, जब उनकी मुलाकात जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कोच डॉ. सत्यपाल सिंह से हुई। वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अनुशासित मार्गदर्शन ने उन्हें एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी से विश्वस्तरीय पैरा एथलीट में बदल दिया। आज प्रवीण कुमार पुरुष टी-44 हाई जंप वर्ग में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी हैं। वह पैरालंपिक पदक जीतने वाले सबसे युवा भारतीय पैरा एथलीट हैं। साथ ही वह पहले भारतीय पैरा खिलाड़ी बने, जिन्होंने सामान्य खिलाड़ियों की राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पैरा और मुख्यधारा खेलों के बीच की दीवार को तोड़ा। उन्होंने टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन पैरा गेम्स और कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए लगातार पदक जीते और एशियाई रिकॉर्ड बनाए। प्रवीण ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर की। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 2.05 मीटर की छलांग लगाकर एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

टोक्यो पैरालंपिक में उन्होंने 2.07 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता और नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद पेरिस पैरालंपिक 2024 में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। एशियन पैरा गेम्स में भी उन्होंने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया।वर्ष 2022 में उन्होंने फेडरेशन कप जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर इतिहास रच दिया, जब वह सामान्य राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय पैरा खिलाड़ी बने।खेलों में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 2021 में अर्जुन पुरस्कार और 2024 में देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने वाले प्रवीण कुमार केवल खुद को बेहतर बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उभरते पैरा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन भी देते हैं। वह विशेष बच्चों के संस्थानों में जाकर खेलों के जरिए आत्मविश्वास और सामाजिक बदलाव का संदेश देते हैं। सरकार द्वारा पद्म सम्मान के लिए उनका चयन इस बात का प्रतीक माना जा रहा है कि अब देश उन खिलाड़ियों को भी सम्मान दे रहा है, जिन्होंने संघर्षों के बीच असंभव को संभव बनाया और भारत को वैश्विक खेल मंच पर नई पहचान दिलाई।

## कांग्रेस के चेन्निथला और मुरलीधरन बनेंगे मंत्री

# केरल में शपथ ग्रहण से पहले कैबिनेट की घोषणा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



तिरुवनचर राधाकृष्णन केरल की नई कैबिनेट के स्पीकर बनाए गए हैं। कैबिनेट की घोषणा के साथ-साथ यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने विधानसभा के प्रमुख पदों को भी अंतिम रूप दे दिया है। सीनियर विधायक तिरुवनचूर राधाकृष्णन को केरल विधानसभा का स्पीकर चुना गया है, वहीं शानिमोल उस्मान डिप्टी स्पीकर के रूप में कार्य करेंगे, साथ ही आईयूएमएल से 5 विधायकों को कैबिनेट में जगह दी जाएगी।

### विभागों के बंटवारे को लेकर हो चुकी चर्चा पूरी

इधर, विभागों के बंटवारे को लेकर भी चर्चा पूरी हो चुकी है। सतीशन ने यह भी कहा है कि गठबंधन सहयोगियों के बीच विभागों के बंटवारे को लेकर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। अंतिम मंजूरी से पहले केवल कुछ छोटे-मोटे बदलाव बाकी हैं. मंत्रियों की आधिकारिक सूची अब राज्यपाल को सौंपी जाएगी।

## पीएम मोदी की अपील के बाद फैसला

# आज से हर सोमवार को चलेंगी 6 अतिरिक्त ट्रेनें और बढ़ेंगे 24 फेरे

## पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण किया बदलाव

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागरिकों से ईंधन की खपत कम करने की अपील के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने 18 मई से प्रत्येक सोमवार को 6 अतिरिक्त ट्रेनों के जरिए 24 अतिरिक्त ट्रेन फेरे चलाने की घोषणा की है। जरूरत पड़ने पर अन्य दिनों में भी अतिरिक्त सेवाएं संचालित की जाएंगी।

### मेट्रो की ओर यात्रियों का रुझान बढ़ेगा

मौजूदा परिस्थितियों में सड़क परिवहन से मेट्रो की ओर यात्रियों का रुझान बढ़ सकता है। इसे देखते हुए स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, टिकट काउंटरों की संख्या बढ़ाने, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और बैगेज स्कैनर सक्रिय करने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने की तैयारी की गई है।

### 160 मेट्रो स्टेशनों पर कई सुविधाएं बढ़ीं

डीएमआरसी ने कहा कि उसका विस्तृत नेटवर्क रेलवे स्टेशनों, आईएसबीटी, एयरपोर्ट, नमो भारत कॉरिडोर और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इससे मदद मिल रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए 160 मेट्रो स्टेशनों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी नेटवर्क विकसित किया है।

## श्रद्धालुओं की सेहत से खिलवाड़

# बांके बिहारी में बिकने जा रहा 150 किलो दूषित पेड़ा जब्त

अमन लेखनी समाचार/ मथुरा,

पुरुषोत्तम मास के पावन महीने में वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं की सेहत से खिलवाड़ करने की एक बड़ी साजिश को खाद्य सुरक्षा विभाग ने नाकाम कर दिया है। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन की टीम ने वृंदावन में सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा 150 किलोग्राम दूषित पेड़ा पकड़ा है। जिसे मौके पर अधिकारियों ने नष्ट कराया। फ्लाइंग स्क्वॉड के सदस्य और खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने पेड़े का नमूना जांच के लिए भेज दिया। पेड़ों को नष्ट करा दिया गया। पेड़ों की अनुमानित कीमत 30 हजार बताई जा रही है।



### स्कूटी पर बोरों में भरकर ले जा रहे थे

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में वृंदावन पुलिस के सहयोग से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने एक संदिग्ध स्कूटी को रुकवा कर चेक किया तो स्कूटी के ऊपर रखे 4 प्लास्टिक के बोरे में 150 किलोग्राम संदिग्ध पेड़ा भरा हुआ था।

## सुवेंदु का कोलकाता में दिखा उत्तरप्रदेश का 'योगी वाला मॉडल'

# वर्षों से जमी 'अवैध गंदगी' को एक झटके में किया साफ

अमन लेखनी समाचार/कोलकाता,

बंगाल में भाजपा सरकार का उत्तर प्रदेश वाला एक्शन शुरू हो गया है। सरकारी जमीन पर कब्जा कर सालों से बैठने वाले या तो खुद जमीन खाली कर दें या फिर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। अब अवैध अतिक्रमणकारियों की खैर नहीं है। हावड़ा स्टेशन परअवैध कब्जों की वजह से लोगों का पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता था। हावड़ा स्टेशन के भीड़भाड़ वाले इलाकों में नगर निगम की टीमों ने भारी मशीनों और बुलडोजर के साथ मिलकर यह महा-अभियान चलाया। भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे और सफाई अभियान का दायरा पूरे शहर में बढ़ेगा। वर्षों से अवैध निर्माण फल-फूल रहा था।

## हावड़ा स्टेशन के पास अवैध निर्माणों को हटाया



### पार्क सर्कस में पथराव से 3 पुलिसकर्मी घायल

यहां का पार्क सर्कस इलाका रविवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। तिलजला में हाल ही में हुई बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में हो रहा प्रदर्शन हिंसक हो गया। अल्पसंख्यक बहुल पार्क सर्कस 7 पॉइंट क्रॉसिंग पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जमा हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया। इसमें 3 पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं। भीड़ ने केंद्रीय बलों के वाहनों सहित सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।

### अवैध निर्माण से बार-बार लग रहा जाम

प्रशासन ने साफ किया है कि यह कड़ा कदम आम लोगों की सुरक्षा और शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए उठाया जा रहा है। घनी आबादी वाले इलाकों में अवैध निर्माण काफी खतरनाक रूप से बढ़ गए हैं। हाल ही में कोलकाता के तिलजला इलाके में एक भयानक अग्निकांड हुआ था।

### हावड़ा स्टेशन के बाहर चला बुलडोजर, टूटीं दुकानें

देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में शामिल हावड़ा स्टेशन के बाहर रविवार देर रात बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। रेलवे प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गंगा घाट से लेकर स्टेशन परिसर तक फैले अवैध कब्जों और अस्थायी दुकानों को बुलडोजर से हटाया गया। इस अभियान के दौरान पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ गांव-गांव तक पहुंच रही बैंकिंग सेवाएं

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन को मिली नई गति

### बीसी सखी कार्यक्रम से सशक्त हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में संचालित 'बीसी सखी कार्यक्रम' आज सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में संचालित यह योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ गांवों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को भी मजबूत कर रही है।ह्लएक ग्राम पंचायत झ्र एक बीसी सखीह्व के सिद्धांत पर आधारित यह योजना लाखों ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

बीसी सखी कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनके गांव में बैंकिंग प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया है। ये बीसी सखियाँ ग्रामीणों को घर के निकट ही बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं, जिससे बैंक शाखाओं तक जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम हुई है। योजना के माध्यम से समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ-साथ डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता से भी जुड़ रही हैं।

प्रदेश में वर्तमान समय में लगभग 40 हजार बीसी सखियाँ सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इनके माध्यम से अब तक 44 हजार करोड़ रुपये से अधिक के वित्तीय लेन-देन संपन्न किए जा चुके हैं। बीसी सखियाँ नकद जमा एवं निकासी, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (औढर) के माध्यम से लेन-देन, बैलेंस जांच, बीमा, पेंशन तथा ऋण पुनर्भुगतान जैसी सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

बीसी सखी कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया है। सुल्तानपुर की प्रियंका मौर्य तथा लखनऊ की अनीता पाल जैसी बीसी सखियाँ प्रतिमाह औसतन 45 हजार रुपये से अधिक का कमीशन अर्जित कर रही हैं। अब तक बीसी सखियों ने 121 करोड़ रुपये से अधिक का कमीशन अर्जित किया है, जो इस योजना की सफलता एवं महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता का प्रमाण है।

कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। बीसी सखियों को डिजिटल उपकरणों से सशक्त बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। बैंकों के सीएसआर फंड के माध्यम से इन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की योजना पर विचार किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बीसी सखियों की सेवाओं के विस्तार के लिए प्रभावी रणनीति तैयार किए जाने पर बल दिया है। इसके अंतर्गत जन सुविधा केंद्र संचालन, बीमा सेवाएं, आरडी खाता खुलवाने, ऋण वितरण एवं वसूली, पोस्ट ऑफिस योजनाओं तथा भविष्य में आधार अपडेट जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी बीसी सखियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विचार किया जा रहा है। बड़ी ग्राम पंचायतों में एक से अधिक बीसी सखियों की नियुक्ति का मसौदा तैयार करने पर भी विचार हो रहा है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच को और बेहतर बनाया जा सके।

बीसी सखी कार्यक्रम के प्रभावी संचालन में विभिन्न जनपदों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिल रही है। वर्तमान में प्रयागराज प्रथम स्थान पर, जबकि बरेली एवं शाहजहांपुर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि बीसी सखी कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन एवं ग्रामीण विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि शीघ्र ही सभी ग्राम पंचायतों में सक्रिय बीसी सखी की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि 'आत्मनिर्भर ग्रामीण महिला - आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार किया जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में बीसी सखी कार्यक्रम ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# शनि जयंती पर श्री सिद्धपीठ शनि धाम में विशाल भंडारा, उमड़े श्रद्धालु



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बक्शी का तालाब क्षेत्र के छोटी देवरई स्थित श्री सिद्धपीठ शनि धाम में शनिवार को शनि जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव की प्रतिमा पर सरसों का तेल अर्पित कर पूजा-अर्चना की और नतमस्तक होकर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने आहुतियां देकर परिवार की खुशहाली एवं मंगलकामना की।

पूर्णाहुति के उपरांत मंदिर के मुख्य पुजारी नरेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि शनि जयंती का दिन भगवान शनिदेव के भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या के दिन भगवान शनिदेव का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि शनि देव कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं, इसलिए जीवन में सद्कर्मों का विशेष महत्व है। कार्यक्रम के दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज, चैंबर में तोड़फोड़ पर सीएम को भेजा पत्र

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कैसरबाग में अधिवक्ताओं के चैंबर में हुए तोड़फोड़ और लाठीचार्ज की घटना की अधिवक्ताओं ने निंदा की है। मामले में ऑल इंडिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ला, राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। जिसमें सवाल उठाया है कि पुलिस प्रशासन के साथ नगर निगम ने तोड़फोड़ को लेकर अधिवक्ताओं और लखनऊ बार एसोशिएसन को पहले नोटिस क्यों नहीं दी। तोड़फोड़ के साथ अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज पूरी तरह से असंवैधानिक है। अतिक्रमण के नाम पर तोड़फोड़ की कार्रवाई कार्य दिवस की जगह जानबूझ कर रविवार को सुबह की गई है। मुख्यमंत्री से इस घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। ऐलान किया कि इस घटना के जिम्मेदार अधिकारियों पर सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो एसोसिएशन प्रदेश व्यापी आन्दोलन शुरू करने के साथ विधानसभा का अनवरत घेराव भी करेगा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाग से वापस घर लौट रहे बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों ने आनन फानन नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। परिजनों के मुताबिक मलिहाबाद थाना क्षेत्र के किठाई पारा निवासी अजय (24) रविवार दोपहर को बाइक से बाग से वापस घर लौट रहा था तभी गांव के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों ने आनन फानन नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर



मृतक अजय फाइल – फोटो

पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी। मृतक महाराष्ट्र प्रदेश के मुंबई में मजदूरी का कार्य करता है। वहां से 12 मई को वापस घर लौटा था। मृतक के परिवार में पिता रूपन, माता सुनीता, तीन भाई आलोक, कन्हैया लाल, मनजीत,एक बहन पूनम है जिनका रो-रो कर बुराहाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अजय की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे सीमेंट के पिलर से जा टकराई जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की जांच की जा रही है।

# प्रयागराज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी, यमुनापार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बताते हुए जिलाध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम संगठन की मजबूती का आधार होते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान पूरे देश में जिला स्तर पर संचालित हो रहा है और कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कठिन परिस्थितियों में भी मैदान में उतरकर कार्य करता है और यही उसकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की जनता एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ नेता केवल आलोचना करते हैं, जबकि जनता उनके व्यवहार को गंभीरता से नहीं लेती। अपने वक्तव्य में उप मुख्यमंत्री ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का उल्लेख करते हुए इसे ऐतिहासिक निर्णय बताया और कहा कि इससे देश की एकता और अखंडता को मजबूती मिली है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि वहां भी लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए भाजपा निरंतर संघर्ष कर रही है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार और बलिदान ही भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक नींव हैं और आज संगठन की मजबूती उन्हीं के आदर्शों का परिणाम है। कार्यक्रम के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने पत्रकार बंधुओं से वार्ता करते हुए संगठन की गतिविधियों एवं आगामी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, विधायकगण पियूष रंजन निषाद, राजमणि कोल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पति के घर छोड़ने से नाराज पत्नी पानी की टंकी पर चढ़ी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोमतीनगर में कलह पर पति के घर छोड़ने से नाराज पत्नी रविवार सुबह विनीतखंड-5 स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। वहां से कूदने की धमकी देने लगी। स्थानीय लोगों, दमकल व पुलिस ने लाख समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी। पुलिस ने पति को बुलाने की बात कहकर खाना-पीना भिजवाया। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने महिला को शांत कराया और फिर नीचे उतार लिया। पुलिस ने पति-पत्नी की थाने पर काउंसलिंग की। उसके बाद घर भेज दिया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मूल रूप से अयोध्या के खंडासा निवासी प्रीति ने कुछ माह पहले लखीमपुर खीरी के निंघासन के रहने वाले अनुराग से प्रेम विवाह किया था। निजी कंपनी कर्मी अनुराग पत्नी के साथ गोमतीनगर के विनीतखंड में रहता था। करीब हफ्ते भर पहले दोनों में विवाद हुआ और अनुराग बिना बताए उसे छोड़कर कहीं चला गया। प्रीति ने कई कॉल की लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। इससे नाराज होकर प्रीति रविवार सुबह विनीतखंड-5 स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। वह टंकी पर चढ़कर कूदने की धमकी देने लगी। राहगीरों व आसपास के लोगों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक गुरप्रीत कौर, दीपक कुमार यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे। कुछ ही देर में गोमतीनगर एफएसओ सुशील कुमार यादव भी टीम के साथ वहां आ गए। गोमतीनगर पुलिस ने काफी देर तक समझाया लेकिन वह नहीं मानी। महिला पुलिस कर्मियों को भी बुलाया गया। स्थानीय लोग भी प्रीति को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद बातचीत के आधार पर मिली जानकारी के बाद उसके पति अनुराग को फोन किया गया। इस दौरान पुलिस ने खाना-पानी भिजवाया। पुलिस ने पति को बुलाकर साथ रहने का आश्वासन दिया। जिसके बाद वह शांत हुई। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद पुलिसकर्मी उसे लेकर नीचे उतरे। उसी दौरान पति अनुराग भी गया और पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने पर बुलाकर काउंसिलिंग कर उन्हें शान्त कराया।

# वकीलों और पुलिस के बीच जमकर हुई धक्का-मुक्की व मारपीट





अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** जिला कोर्ट में बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में वकीलों ने पुलिस पर पथराव किया, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हाईकोर्ट के आदेश पर दो सौ से अधिक अवैध चैंबर तोड़े गए।

पुराने हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट और निबंधन कार्यालय के पास बने वकीलों के चैंबरों पर बुलडोजर चलाने पहुंची नगर निगम, पुलिस और प्रशासन की टीम को रविवार को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान कई बार पुलिस व वकीलों में टकराव की स्थिति पैदा हुई। वकीलों और पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और मारपीट हुई। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को लाठियां चलानी पड़ीं, जबकि आक्रोशित वकीलों ने कई बार जेसीबी मशीन पर चढ़कर कार्रवाई रुकवाने की कोशिश की। वकीलों के पथराव से जेसीबी का शीशा टूट गया और पूरे इलाके में घंटों अफरा-तफरी मची रही।

**पुलिस फोर्स पहुंचते ही गरमाया माहौल:** नगर निगम की टीम के साथ पुलिस बल और जेसीबी मशीनों के सुबह पहुंचे ही माहौल गरमा गया। टीमने पुराने हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट, डीएम कार्यालय मार्ग, निबंधन कार्यालय के पास के सभी चैंबरों को तोड़ने की कार्यवाही शुरू हुई। निगम ने पहले से ही सभी चैंबर पर लाल निशान लगाया था, लेकिन मौके पर मौजूद वकीलों ने कार्रवाई को जबरन उत्पीड़न बताते हुए विरोध शुरू कर दिया। जैसे ही जेसीबी ने चैंबर तोड़ना शुरू किया, वकीलों की भीड़ एकत्र हो गई। देखते ही देखते पूरा परिसर नारेबाजी और हंगामे से गूंज उठा। वकील प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए बुलडोजर के सामने खड़े हो गए।

**चैंबरों में अंदर से ताले लगाकर बैठे वकील :** नगर निगम की कार्रवाई को रोकने के लिए कई वकीलों ने अपने-अपने चैंबरों के अंदर से ताले लगा लिए और बाहर निकलने से इनकार कर दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार उन्हें बाहर आने के लिए कहते रहे, लेकिन विरोध कर रहे वकील अड़े रहे। कई जगहों पर पुलिस और वकीलों के बीच काफी गाली गलौज और धक्का-मुक्की हुई। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई, जब कुछ वकीलों ने कहा कि चैंबर टूटने से पहले जान दे देंग।

**जेसीबी पर चढ़ गये वकील, ड्राइवर को पीटा :** निबंधन कार्यालय रोड पर कार्रवाई रोकने के लिए कुछ वकील सीधे सीबी मशीन पर चढ़ गए। उन्होंने मशीन आगे बढ़ने नहीं दी और चालक को नीचे खींचने लगे। जेसीबी ड्राइवर के साथ मारपीट की। पुलिस ने वकीलों को दौड़ाया तो भागे। इस दौरान भारी धक्का-मुक्की हुई। पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन भीड़ लगातार उग्र होती गई। कुछ वकील मशीन के सामने जमीन पर बैठ गए, जबकि कई लोग बुलडोजर के पहियों के आगे खड़े हो गए।

**पुलिस ने भांजीं लाठियां तो भड़क उठा विवाद :** निबंधन कार्यालय के सामने अवैध कब्जा तोड़ने से रोकने के लिए वकील एक साथ खड़े हो गए। सड़क जाम कर दी, तब पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए कई वकीलों पर लाठियां भांजी। इसके बाद माहौल और हिंसक हो गया। वकील सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस के लाठी फटकारने के बाद एक बार तो वकील इधर-उधर भागते नजर आए, लेकिन फिर एक जुट हो गए।

**पथराव से टूटा जेसीबी का शीशा:** हंगामे के दौरान अचानक कुछ वकीलों ने जेसीबी पर पथराव किया, जिससे जेसीबी मशीन का अगला शीशा टूट गया। पत्थर लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने तत्काल मशीन को सुरक्षा घेरे में लिया। कई बार स्थिति इतनी तनावपूर्ण हुई कि कुछ समय के लिए पुलिस को कार्रवाई रोकनी पड़ी।

**वकीलों ने अखंड रामायण पाठ कर की कार्रवाई रोकने की कोशिश :** हंगामे के दौरान उग्र वकीलों ने तोड़फोड़ की कार्रवाई रुकवाने के लिए निबंधन कार्यालय के सामने नाले पर बने चैंबरों के पास अखंड रामायण पाठ शुरू कर दिया। विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि धार्मिक आयोजन के बीच तोड़फोड़ नहीं की जा सकती। बड़ी संख्या में लोग वहां सड़क पर बैठ गए। भजन-कीर्तन चल रहा था, जिसे पुलिस ने रुकवाया और दुकाने तोड़ीं।

**हाईकोर्ट के आदेश पर हो रही कार्रवाई :** जिला कोर्ट और स्वास्थ्य भवन के आसपास बने दो सौ से अधिक वकीलों के अवैध चैंबर हटाने के लिए हाईकोर्ट ने आदेश दिए थे। नगर निगम ने पहले नोटिस चस्पा कर वकीलों को खुद कब्जे हटाने का समय दिया था, लेकिन समय खत्म होने के बाद भी चैंबर नहीं हटाये गए। इसके बाद नगर निगम के बुलडोजर गरजने लगे और कार्रवाई शुरू की। आगे माहौल ना बिगड़े, विरोध और हंगामे की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई है।

**बुलडोजर एक्शन के विरोध में वकील:** प्रशासन की टीम ने कोर्ट परिसर के आसपास बने अवैध ढांचों, दुकानों और चैंबरों को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रखी। इस बुलडोजर कार्रवाई का कई वकीलों ने विरोध किया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौके पर एकत्र हुए और नगर निगम की कार्रवाई पर नाराजगी जताई। वकीलों का कहना है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उनके चैंबर हटाने से उनके कामकाज पर सीधा असर पड़ेगा और उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



**अवैध कब्जों को हटाने तक अभियान जारी रहेगा:** नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, कोर्ट परिसर के आसपास लंबे समय से अवैध कब्जों की शिकायतें मिल रही थीं। इन कब्जों की वजह से आवागमन में दिक्कतें आ रही थीं और सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि चिन्हित सभी अवैध कब्जों को हटाने तक अभियान जारी रहेगा। वहीं, इस कार्रवाई को लेकर वकीलों और प्रशासन के बीच तनाव की स्थिति भी बनी हुई है।

**अवैध निर्माण पर लगाए थे लाल क्रॉस के निशान:** इससे पहले वकीलों के कई चैंबर्स पर नगर निगम ने लाल क्रॉस का निशान लगाकर नोटिस चस्पा किए थे। नोटिस में 16 मई तक अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि तय समय के बाद 17 मई को प्रशासन बुलडोजर कार्रवाई करेगा और उसका खर्च अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन ने लाठीचार्ज के विरोध में कई अहम प्रस्ताव किये पारित

**लखनऊ।** सेंट्रल बार एसोसिएशन, लखनऊ की आकस्मिक आम सभा में पुलिस प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में अधिवक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। बार एसोसिएशन द्वारा जारी प्रस्ताव संख्या-03 में कहा गया कि 17 मई 2026 को अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के लिए थाना ठाकुरगंज के प्रभारी ओमवीर सिंह, अज्ञात दरोगा तथा 20 से 25 अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं प्रस्ताव संख्या-04 में कहा गया कि लाठीचार्ज में घायल होकर अस्पताल में भर्ती अधिवक्ताओं को सेंट्रल बार एसोसिएशन, लखनऊ की ओर से उपचार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इससे पहले सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि जनपद न्यायालय के अधिवक्ता 18 मई से 20 मई 2026 तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। साथ ही 20 मई को दोपहर 2 बजे पुनः आम सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य बार एसोसिएशनों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बार एसोसिएशन ने मामले में न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करते हुए संबंधित प्रस्तावों की प्रतिलिपि प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारियों को भेजने का निर्णय लिया है।

## फांसी लगा रहे भाई-बहन को चैंबर तोड़कर बाहर निकाला



**लखनऊ।** हंगामे के दौरान महिला वकील के भाई ने चादर से फांसी लगाने का प्रयास किया। महिला व उसका भाई काफी देर तक अंदर बंद रहे। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। महिला व उसके भाई को बचाने के लिए बगल का चैंबर तोड़ा गया। पुलिसकर्मी ने अंदर पहुंचकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद वकीलों और महिलाओं में भारी आक्रोश फैल गया। कई लोग रो रहे थे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान विरोध कर रहे वकीलों का गुस्सा नगर निगम अधिकारियों पर फूटा। नगर निगम के जोनल अधिकारी ओपी सिंह के साथ गाली-गलौज की। कुछ वकीलों ने उन्हें दौड़ा लिया। जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद पुलिस को सुरक्षा घेरा बनाना पड़ा। मौके पर कुछ देर के लिए ऐसी स्थिति बन गई कि अधिकारी इधर-उधर भागते नजर आए और पुलिसकर्मी उन्हें भीड़ से निकालते दिखे। कई अन्य अफसरों के साथ भी तीखी धक्का-मुक्की हुई। पुलिसकर्मियों और वकीलों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत ने माहौल को और विस्फोटक बना दिया।

## संक्षेप

### मामूली से विवाद पर युवक ने किशोर का जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के कस्बा हैदराबाद में साइकिल पर लकड़ी लगने के मामूली विवाद में एक युवक ने 16 वर्षीय किशोर को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल किशोर को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। यह घटना रविवार को हुई, जिसके संबंध में मोहल्ला विनोवा नगर निवासी गया प्रसाद सिंह पुत्र स्व. रतनू ने आसीवन पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में उन्होंने बताया कि उनका पौत्र रौनक सिंह (16) पुत्र गणेश सिंह साइकिल से लकड़ी लेकर घर जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ला निवासी नितिन पुत्र सुनील कनौजिया को रौनक की साइकिल पर लदी लकड़ी लग गई। इस बात से नाराज होकर नितिन ने रौनक को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब रौनक ने इसका विरोध किया, तो नितिन ने उसे डंडे और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रौनक सिंह को मियागंज सीएचसी ले गई। वहां डॉक्टर उमर फारूक द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बंटवारे को लेकर हुई मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पाली निवासिनी रचना पुत्री सूर्य प्रकाश ने थाने में तहरीर देकर कहा कि दिनांक 9 /05./26 को परिवार के लोगों के बीच बुजुर्ग बटवारा हो रहा था बंटवारे को लेकर राजकुमार व मन्नर पुत्रगण जगदीश आरती पत्नी राजकुमार मन्नू पत्नी अर्पित ने मिलकर मुझे व मेरे पिता को लात घुसो लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे मेरे सिर में चोट आई आंख में भी गंभीर चोट आई तथा गाली गलौज देते हुए जान से मार देने की धमकी दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपति घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक के सामने बंदर आ जाने से दंपति बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर पाटन के समीप गाँव गुलरहा जिला रायबरेली में नाना की मौत में बाइक से जा रहे बरुवा सेमरहा थाना बीघापुर निवासी लालाराम व साथ मे बैठी उनकी पत्नी सोनाली की बाइक के सामने लंगूर आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी जिससे दंपति बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर भेजा गया जहा उनका उपचार चल रहा है।

# एसएसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस लाइन सभागार में रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष तथा पुलिस कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

गोष्ठी में जिले की कानून व्यवस्था, लंबित मामलों की समीक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी नेथानों पर दर्ज अभियोगों की समीक्षा की। उन्होंने गंभीर अपराधों के लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक मामले में गुण-दोष के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।महिला संबंधी अपराधों को लेकर एसएसपी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म और महिला उत्पीड़न के मामलों में प्रभावी विवेचना कर आरोपियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही शातिर एवं अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने तथा गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर की कार्रवाई करने को भी कहा गया।

माफिया तत्वों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के अंतर्गत कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। बैठक में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया। एसएसपी ने अवैध शराब, अवैध शस्त्र, जुआ और मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए।

चोरी और नकबजनी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाकर गश्त बढ़ाने को कहा गया। इसके अलावा, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित पुलिस गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जमीन संबंधी विवादों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्यवाही करने और समय-समय पर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही गई। एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि शिकायतकताओं से स्वयं बातचीत कर फीडबैक लिया जाए और शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सक्रियता और सतर्कता का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए।

# मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे घायल पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस और स्वॉट/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। घायल आरोपियों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी फतेहपुर चौरासी ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, 13 मई को थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में लूट की घटना हुई थी, जिसके संबंध में थाना सफीपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस घटना के खुलासे के लिए स्वॉट/सर्विलांस टीम और स्थानीय पुलिस लगातार बदमाशों की तलाश कर रही थी। शनिवार देर रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मिठूखेड़ा रेलवे क्रासिंग के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही स्वॉट/सर्विलांस टीम और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान राजीव कश्यप पुत्र रामभजन (लगभग 39 वर्ष, निवासी महुआ नगर, थाना कोहना, कानपुर नगर) और गुड्डू उर्फ मुन्ना उर्फ सहराज पुत्र इस्माइल (लगभग 35 वर्ष, निवासी बरवा रसूलपुर, थाना बरौर, कानपुर देहात) के रूप में बताई। दोनों ने थाना सफीपुर में दर्ज लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। तलाशी के दौरान उनके पास से दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए गए। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और उनसे अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ जारी है।पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने बताया कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मंदिर का भव्य श्रृंगार कर भजन कीर्तन का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तमाम भक्तों द्वारा शनिदेव जयंती के अवसर पर मंदिर का भव्य श्रृंगार कर भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण कर जयंती कार्यक्रम मनाया गया । कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला खतरियाना स्थित शनिदेव मंदिर को शनिवार की शाम भव्य सजावट की गई तथा दर्जनों महिलाओं द्वारा आरती गायन के बाद भजन कीर्तन किए गए व प्रसाद वितरित किया गया इस दौरान शनिदेव जयकारों से मोहल्ला गूंज उठा देर रात तक चले इस आयोजन में नगर के सैकड़ों महिला पुरुष भक्तो ने भाग लिया।इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन रामनरेश कुशवाहा,राघव मिश्रा,पिंकू शुक्ला, विनीत शुक्ला, पियूष कुमार शुक्ला आदि सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# घर के अंदर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार को हुई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, रायपुर गांव निवासी 30 वर्षीय सुमेर पुत्र शिव कुमार ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। काफी देर तक कमरे का दरवाजा बंद रहने पर परिजनों को शक हुआ। दरवाजा खोलने पर सुमेर का शव फंदे से लटका मिला, जिससे परिवार में चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।

घटना की सूचना मिलते ही सफीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और प्रारंभिक जांच पड़ताल की। आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।पत्नी के मुताबिक, सुमेर की शादी करीब आठ वर्ष पहले राजरानी के साथ हुई थी। परिवार में सास ससुर के बीच आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि इसी घरेलू कलह से परेशान होकर सुमेर ने यह आत्मघाती कदम उठाया।

मृतक अपने पीछे पत्नी राजरानी, एक बेटी और एक बेटे को छोड़ गया है। घटना के बाद बच्चों और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था, पूरे गांव में भी इस घटना को लेकर शोक का माहौल है, और परिजन व ग्रामीण स्तब्ध हैं। प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, बंथर गांव निवासी 20 वर्षीय मन्नो की संदिग्ध हालात में फांसी लगने से मौत हुई। मृतका का मायका बंधी पुरवा, थाना अचलगंज क्षेत्र में है। बताया जा रहा है कि मन्नो की शादी लगभग आठ महीने पहले हुई थी।मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर मन्नो को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों ने बताया कि उसके साथ आए दिन मारपीट भी की जाती थी।परिजनों का यह भी आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने मन्नो की हत्या कर दी और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। मन्नो अपने पांच बहनों और एक भाई में



चौथे नंबर की थी।पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रामचरितमानस पाठ के साथ भंडारे का आयोजन हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हिलौली में रामचरितमानस का पाठ शुभारंभ हुआ 17 तारीख को समापन पर वीरेंद्र शुक्ल के निवास पर भंडारे का आयोजन किया गया नौवा विशाल भंडारा सुबह से शुरू होकर हरि इच्छा तक भंडारा चल ग्राम वासियों का भंडारे में सुबह से आना हुआ इस मौके पर विधायक अनिल सिंह प्रतिनिधि संतोष सिंह भंडारे में पहुंचे और भंडारे का प्रसाद चखा वीरेंद्र शुक्ला के द्वारा राम दरबार देकर संतोष सिंह को सम्मानित किया गया विनोद दीक्षित पत्रकार रामबाबू पत्रकार संजय पाल पत्रकार रामराज सिंह पत्रकार जयशंकर पांडे पत्रकार साहित्य शुक्ला पत्रकार अन्य साथी पत्रकार मौजूद रहे भाजपा नेता रमेश बाजपेई त्रिभुवन दीक्षित शिवाकठं दीक्षित राजू सिंह कोदहिया समाजसेवी टिंकू त्रिपाठी समाजसेवी मुकेश गुप्ता समाजसेवी धीरू सिंह समाजसेवी आदि गण लोग भंडारे में मौजूद रहे हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद चखा कार्यक्रम आयोजन वीरेंद्र शुक्ला पत्रकार ज्ञानेंद्र शुक्ला उत्तर प्रदेश पुलिस उत्तम शुक्ला आशु शुक्ला पत्रकार लवकुश शुक्ला देव शुक्ला मयंक शुक्ला गंगा प्रसाद शुक्ला के परिवार की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया हर साल लगभग धूमधाम से भंडारा का आयोजन होता है।

# आत्महत्या के दुष्प्रेरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आत्महत्या के दुष्प्रेरण के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के गाँव जगतपुर निवासिनी शान्ती लाल गुप्ता ने तहरीर देकर बताया था उसके बेटे अमित कुमार उर्फ मिन्टू को मन्जू व गोल्डी नाम की महिलाए व मिलन उर्फ राजेन्द्र कुमार आये दिन प्रताड़ित किया करते है जिससे परेशान होकर सात अप्रैल को उसने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी । तहरीर व जांच के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार को थाना पुलिस द्वारा मिलन उर्फ राजेन्द्र को गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया।

# नदी में डूबे मृतक युवक के परिजनों को दी गई सहायता राशि

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर एवं एसडीएम सफीपुर शिवेन्द्र वर्मा ने रविवार को गंगा नदी में डूबकर मृत हुए युवक के परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस दौरान विधायक ने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा भी दिया।तहसील क्षेत्र के ग्राम शेरपुर खुर्द निवासी अनुराग पुत्र गंगाराम (23) की 11 मई 2026 को रूपपुर चन्देला, परगना फतेहपुर-84 स्थित गंगा नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। घटना को दैवीय आपदा की श्रेणी में मानते हुए प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।प्रशासन की ओर से मानव मृत्यु पर मिलने वाली




चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि मृतक की माता बृजरानी पत्नी गंगाराम निवासी ग्राम शेरपुर खुर्द के पक्ष में स्वीकृत की गई। स्वीकृत धनराशि मृतक की पत्नी शिवरानी के बैंक खाते में भेजी जा रही है। रविवार को विधायक बम्बालाल दिवाकर एवं एसडीएम सफीपुर शिवेन्द्र वर्मा ने सहायता राशि का चेक मृतक की पत्नी शिवरानी को सौंपा।

# आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सवारी बस ट्रेलर में पीछे से टकराई 23 यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। रविवार की सुबह बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक सवारी बस ट्रेलर में पीछे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में बस सवार कुल 23 यात्री घायल हुए जिनमें से 6 की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर यूपीडा टीम व पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को राहत पहुंचाई।

लचालक मंजीत कुमार एक निजी कंपनी की बस में लगभग 40 सवारियां लेकर दिल्ली से आजमगढ़ जा रहा था वह रविवार की सुबह करीब 5 बजे जब बांगरमऊ क्षेत्र में गांव रघुरामपुर के निकट पहुंचा तो किसी तरह बस से नियंत्रण खो बैठा जिससे चलती बस आगे चल रहे एक ट्रेलर में पीछे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।घटना के समय बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा सवारियों में चीख पुकार मच गई। इस हादसे की सूचना पर यूपीडा टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू कर घायलों को बांगरमऊ अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां पर डाक्टरों ने 6 घायलों को गम्भीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि अन्य घायलों की उपचार के दौरान हालत खतरे से बाहर बताई गई है।घटना की सूचना पर कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने पुलिसबल के साथ घटनास्थल से अस्पताल तक स्थितियों को देखते हुए राहत व बचाव कार्य में सहयोग किया

### घायल हुए यात्री

चंद्रमणि शुक्ला निवासी पूरेनपत मेरठ नारायणदत्त द्विवेदी निवासी अहरौल आजमगणदेवेंद्र कुमार द्विवेदी निवासी गोसाईगंज सुल्तानपुर श्री राम सिंह निवासी हरिपुर कला सिवान बिहार श्वेता पांडे निवासी चिनहट लखनऊ श्रीकांत यादव निवासी आजमगढ़ सौरभ तिवारी निवासी हयौत आजमगढ़ सोनू सिंह निवासी बिजोरा आजमगढ़ आकाश तिवारी निवासी शेरपुर सुलतानपुर फैजान निवासी सुल्तानपुर अजय सिंह निवासी आदमपुर तेंदुकी अम्बेडकरनगर वेदांत यादव निवासी आदर्श नगर सुल्तानपुर जगदीश सिंह निवासी जयसिंहपुर सचिन सिंह निवासी गहरवा जौनपुर संतोष कुमार उपटा अतरौलिया आजमगढ़ संदीप सिंह निवासी बेनीपुरी आजमगढ़ श्रद्धा पांडेय निवासी करौतीया सुल्तानपुर संजय पाण्डेय निवासी अशोक वाटिका साहिबाबाद गाजियाबाद मुन्नी देवी निवासी सोनिया बिहार आजमगढ़ आयुष कुमार निवासी अशोक वाटिका गाजियाबाद अक्षत कुमार निवासी कमेंनूर आजमगढ़ सुरेन्द्र निवासी अकबरपुर अम्बेडकरनगर अजीत निवासी किन्दौली आजमगढ़

# पति-पत्नी के 22 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव की अध्यक्षता में एवं नीतू सिंह जनपदीय अध्यक्षा वामा सारथी उन्नाव की उपस्थिति व विनी सिंह क्षेत्राधिकारी लाइन के पर्यवेक्षण में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 05, परिवार परामर्श केन्द्र व फतेहपुर चौरासी से 04-04, थाना बारासगवर, थाना बांगरमऊ व थाना पुरवा से 02-02, थाना दही, थाना कोतवाली सदर व थाना अचलगंज से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डॉ0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 संजय चौरसिया, डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद,शिल्पी श्रीवास्तव, सबीहा उमर एवं सहयोगी शिवेन्द्र सिंह चौहान तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, उप निरीक्षक मिथलेश वर्मा ,महिला आरक्षीगण अंशू,चिंतन, प्राची, सेविका, पूनम शाक्य, पूजा, स्वाती यादव, बबली गुर्जर, सीमा देवी पूनम यादव, सोनम का विशेष योगदान रहा।

# दान किया हुआ धन मेहनत की कमाई का होना चाहिए

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के मोहल्ला सय्यदवाडा में मुजतबा अहमद के इमामबाड़े में आयोजित विशाल मजलिस में जनपद फतेहपुर से आए मौलाना दानिश नकवी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस धन से दान किया जाए वोह सौ प्रतिशत आपकी मेहनत की कमाई होना चाहिए अन्यथा आपको कोई फायदा नही होगा । मजलिस के अलावा आए शायरों ने सलाम पढ़ कर लोगो की वाहवाही लूटी ।

एजाज फातिमा के सवाब के लिए आयोजित मजलिस में मौलाना भारी भीड़ को संबोधित कर कहा कि देश से लेकर विदेशों तक चैरिटी का माहौल बढ़ा है जो आम समाज से लेकर राजनीत में भी लोग दान देने लगे है । गरीब की मदद का हुक्म है पर यह खयाल रक्खे मदद का बड़ा सवाब हासिल करना है तो यह गौर कर ले कि आपका मकसद क्या है और आप द्वारा प्रयोग की जाने वाली राशि कैसी है । उन्होंने कुरआन पाक किताब के संबंध में कहा कि आप गौर करे जिस किताब को 1400 से अधिक वर्ष पहले पूर्ण किया गया उसमे आज के दौर के हालात कैसे है यह किताब हर दौर में मदद करती है इसे जरूर पढ़ें दो फायदे होंगे आपको सवाब मिलेगा और मालूमात हासिल होगी ।मौलाना ने ईमान व हिम्मत का दामन थाम कर चलने का मशविरा दिया । उदाहरण के तौर पर कहा कि ईरान ने करबला में हुई इमाम हुसैन की जंग को आधार बनाया। जिस मुल्क के आला सभी अधिकारी मार दिए गए हो उस मुल्क ने अमेरिका सहित अन्य दुश्मनों का डट कर मुकाबला किया ।

मजलिस में मशहूर शायर प्रयागराज से आए सलमान नकवी, फसाहत अस्करी, जर्रार अहमद जरी, फैजान अहमद ,आफाक अली, दानिश जैदी, बिलाल , जुहैब नकवी ,रियाजुद्दीन, मोहम्मद मुर्तजा, ने अपने बेहतरीन कलाम पेश किए संचालन रेहान हैदर ने किया ।इस मौके पर मौलाना इफ़्तिखार रिजवी भी मौजूद थे ।

## सम्पादकीय

# मतदाता सूची शुद्ध है ये दिखना भी जरूरी

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत निष्पक्ष और भरोसेमंद चुनाव होते हैं। चुनाव तभी विश्वसनीय माने जाते हैं, जब मतदाता सूची पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और संदेह से परे हो। यही वजह है कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत करने का अभियान है। अब जब आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में तीसरे चरण की घोषणा कर दी है, तो यह जरूरी हो जाता है कि मतदाता सूची न केवल शुद्ध हो, बल्कि जनता को यह स्पष्ट रूप से दिखे भी कि प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है। एसआईआर का तीसरा चरण 1 जुलाई से शुरू होगा। पिछले एसआईआर में मतदाता सूची को लेकर कई विवाद सामने आए। कर्नाटक में हजारों वोटर आईडी में मकान नंबर "0", "00", "77777" या "9999" दर्ज पाए गए। बिहार में भी करीब 2.92 लाख मतदाताओं के पते इसी तरह दर्ज होने का मामला सामने आया। विपक्ष ने इसे फर्जी मतदाताओं और चुनावी धांधली से जोड़कर सवाल उठाए। चुनाव आयोग ने सफाई दी कि बेघर, अनधिकृत कॉलोनियों या बिना नंबर वाले मकानों में रहने वाले लोगों को मतदाता सूची से बाहर न करने के लिए ऐसे "नोशनल नंबर" दिए जाते हैं। यह तर्क मानवीय और समावेशी जरूर है, लेकिन सवाल यह है कि यदि सत्यापन की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से नहीं होगी तो संदेह की गुंजाइश बनी रहेगी। यदि मतदाता सूची में एक ही पते पर दर्जनों नाम दिखाई दें या हजारों घरों का नंबर "0" हो, तो आम मतदाता के मन में शंका पैदा होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि चुनाव आयोग को अब तकनीकी और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सुधार की जरूरत है। आयोग द्वारा मकान नंबर की अनिवार्यता खत्म करने या नए फॉर्मेट पर विचार करना एक सकारात्मक कदम हो सकता है, लेकिन इसके साथ मजबूत ग्राउंड वेरिफिकेशन और जवाबदेही भी जरूरी होगी। तीसरे चरण में 3.94 लाख बीएलओ और 3.42 लाख बीएलए को लगाया गया है, जो घर-घर जाकर लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। बीएलओ द्वारा की गई एंट्री का डिजिटल ऑडिट, जीपीएस आधारित सत्यापन और राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। एसआईआर में पिछली जो गलतियां सामने आई, उन्हें भी इस बार ठीक करना होगा। वहीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा उठाए गए सवालों को भी प्रक्रिया में शामिल किया जाए। बीएलओ और अन्य कर्मचारियों को भी सुरक्षा देना प्राथमिकता होना चाहिए ताकि वे निष्पक्षता से काम कर सकें। इसके अलावा गर्मी का मौसम भी चुनौती बढ़ा सकता है। विपक्ष के आरोपों, सुप्रीम कोर्ट के सवालों और चुनाव आयोग के जवाबों के बीच राजनीतिक टकराव भी तेज हुआ है। इस मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ-हानि के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। मतदाता सूची किसी एक दल की नहीं, पूरे लोकतंत्र की नींव है। हालांकि पिछली बार पश्चिम बंगाल को छोड़ दें तो बाकी राज्यों में कोई ज्यादा दिक्कत नहीं है। अगले साल मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब, यूपी और गुजरात में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। अंततः, एसआईआर केवल मतदाता सूची सुधारने की कवायद नहीं, बल्कि लोकतंत्र में जनता के विश्वास की परीक्षा भी है। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे और कोई भी फर्जी नाम सूची में न बचे। मतदाता सूची शुद्ध होना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी यह दिखना भी है कि प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद है। यही लोकतंत्र की असली मजबूती होगी।

# ईरान-अमेरिका युद्ध में तेल की बर्बादी



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

अमेरिका–ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।

अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। ईरान के पास 3500 ऐसे तेल के कुएं हैं, जिनसे निरंतर तेल का उत्पादन जरूरी है। यदि तेल निकालना बंद कर दिया गया तो इन कुओं से तेल का उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए हो जाता है, क्योंकि ड्रिलिंग बंद कर देने से कुएं के भीतर डाली गई पाइपलाइनों में पानी-गैस भर जाती है।

इन्हीं पाइपों से कच्चा तेल रिस-रिसकर आता है। तेल की चट्टानों के छेदों में वैक्स की परत जम जाने से तेल रिसना बंद हो जाता है। यह मोम जैसा प्राकृतिक या रासायनिक ठोस पदार्थ होता है। ईरान कच्चे तेल का 90 प्रतिशत निर्यात खार्ग द्वीप से करता है। यहीं ईरान के तेलों के भंडार गृह हैं। तेल की यह बर्बादी पश्चिम एशिया के देशों के लिए ऊर्जा का संकट तो बन ही रही है, समुद्री पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता से अपील करनी पड़ी है कि इस संकट के दौरान पेट्रोल, डीजल, गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग कम से कम करें। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के सेंटीनल सैटेलाइट डेटा और अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खरास की खाड़ी एवं होर्मुज स्ट्रेट के आसपास समुद्री पानी की सतह पर तेल की परतें देखी गई हैं। ये परतें कुवैत के लावन द्वीप, केशम द्वीप और खार्ग द्वीप के समुद्र में बड़े-बड़े धब्बों के आकार में देखी गई हैं। इनमें से एक धब्बा करीब 120 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। विशेषज्ञों ने रडार डेटा की मदद से इसका विश्लेषण करते हुए कहा है कि सतह पर तैरता तेल लहरों को शांत कर देता है, जिससे रडार से ली गई तस्वीरों में काले और चिकने धब्बे दिखाई देते हैं। इस कारण यह आशंका बनी है कि ईरान समुद्र में तेल बर्बाद कर रहा है। यदि यह तेल लगातार छोड़ा जाता रहा तो इससे समुद्री जीवन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है। फारस की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मछुआरे, कोरल रीफ और अन्य समुद्री जीव रहते हैं, जिन पर लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। यह तेल मछलियों के लिए जहर का काम कर सकता है। समुद्री पक्षियों को नुकसान पहुंचाता है और संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को तबाह कर देता है। ऐसे में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और अनेक समुद्री जीव बेमौत मर जाते हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग समुद्री पर्यावरण के लिए भारी संकट के रूप में पेश आ रही है। यह संकट धरती से लेकर आसमान तक कहर ढा रहा है। होर्मुज के संकरे मार्ग पर तेल की इस बर्बादी से पहले पेट्रोलियम पदार्थों से भरे करीब 20 जहाज नष्ट कर दिए गए गए थे। एक अनुमान के अनुसार इन टैंकरों में तीन लाख मीट्रिक टन तरल एलपीजी भरी हुई थी। एक बड़े गैस टैंकर में लगभग 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी होती है और एक बड़े गैस टैंकर से करीब 31 से 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडर भरे



जा सकते हैं। पेट्रोलियम पदार्थ एक साथ मिट्टी, पानी और हवा को दूषित करते हुए मानव जीवन के लिए वरदान की बजाय अभिशाप साबित होने लग जाते हैं। तेल के रिसाव, तेल टैंकों के टूटने व धोने से भी समुद्र का पर्यावरणीय पारिस्थितिकी-तंत्र (इकोसिस्टम) प्रभावित हो रहा है। कुछ साल पहले जापान में टोकियों के तट पर 317 किमी की पट्टी पर तेल के फैलाव से जापान के तटवर्ती शहरों में हाहाकार मच गया था। रूस में बेलाय नदी के किनारे बिछी तेल पाइप लाइन से 150 मीट्रिक टन के रिसाव ने यूराल पर्वत पर बसे ग्रामवासियों को पेय जल का संकट खड़ा कर दिया था। सैनजुआन जहाज के कोरल चट्टानों से टकरा जाने के कारण अटलांटिक तट पर करीब तीस लाख लीटर तेल का रिसाव होने से समुद्री जीव प्रभावित हुए थे। मुंबई हाई से लगभग 1600 मीट्रिक टन तेल का रिसाव हुआ। इसी तरह बंगाल की खाड़ी में क्षतिग्रस्त तेल से फैले टैंकर ने निकोबार द्वीप समूह में तबाही मचा दी थी। जिससे यहां रहने वाली जनजातियों और समुद्री जीवों को भारी हानि हुई थी। लाइबेरिया के एक टैंकर से 85000 मीट्रिक टन रिसे तेल ने स्कॉटलैण्ड में पक्षी-समूहों को बड़ी तादात में हानि पहुंचाई दी थी।

सबसे भयंकर तेल का फैलाव यूएसए के अलास्का में हुआ था। यह रिसाव प्रिंस विलियम साउण्ड टैंकर से हुआ था। इस तेल के फैलाव का असर छह माह तक रहा। इस अवधि के दौरान इस क्षेत्र में 35000 पक्षी, 10000 ओस्टर शेलफिस और 15 व्हेल मछली मर गईं थीं। बावजूद इस घटना का असर इराक युद्ध में सद्दाम हुसैन द्वारा समुद्र में छोड़े तेल से कम था। यह तेल इसलिए छोड़ा गया था कि कहीं यह अमेरिका के हाथ न लग जाए। अमेरिका द्वारा इराक के तेल टैंकरों पर की गई बमबारी से भी लाखों टन तेल समुद्री सतह पर फैला था। एक अनुमान के मुताबिक इस कच्चे तेल की मात्रा 110 लाख बैरल थी। इस तेल के बहाव ने फारस की खाड़ी में घुसकर जीव जगत के लिए भारी हानि पहुंचाई थी। इस प्रदूषण का असर मिट्टी, पानी और हवा तीनों पर पड़ा था। जानकारों का मानना है कि इराक युद्ध का पर्यावरण पर पड़ा दुष्प्रभाव हिरोशिमा-नागासाकी पर हुए परमाणु हमले, भोपाल गैस त्रासदी और चेरनोबिल दुर्घटना से भी ज्यादा था। इस कारण इराक का एक क्षेत्र जहरीले रेगिस्तान में तब्दील हो गया और वहां महामारी का प्रकोप भी अर्से तक रहा। समुद्री सतह पर ये तरल द्रव्य बड़ी मात्रा में फैलते हैं तो इससे जल की सतह पर एक मोटी परत बन जाती है,सूर्य की रोशनी और ऑक्सीजन को नीचे जाने में बाधा बन जाती है। इससे जल के भीतर स्वाभाविक रूप में जीवन व्यतीत कर रहे जीव दम घुटने से मर जाते हैं। जो जीव किसी कारण से बचे भी रहते हैं,उनकी प्रजनन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। तेल के कुओं और भंडार गृहों में आग लगने से तीव्र एवं जहरीली रोशनी निकलती है। यह रोशनी मधुमक्खियों जैसे परा-गणकों को प्रभावित कर उनके जीवन चक्र को बाधित कर देती है। समुद्र में जल रहा तेल पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन तेजी से बिगाड़ने का काम कर रहा है। इससे भविष्य में वैश्विक जलवायु आपातकाल की स्थिति निर्मित हो रही है। ऊर्जा असंतुलन बढ़ता रहा तो वायुमंडल का तापमान गरम होगा, जो एक साथ पृथ्वी,वायु और पानी की नमी को सोखने का काम करेगा। यह हिमनदों के बड़ी मात्रा में पिघलने का कारण बनने के साथ भारी बारिश का सबब बनेगा। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बड़ी संख्या में देखने में आएंगी। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊंचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। इतनी कठिनाई पर स्थित होने के बावजूद भी यहां हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादे लेकर आते है। वैष्णो देवी एक धार्मिक ट्रेकिंग डेस्टिनेशन है।

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं।

## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## संदेश



डॉ. कविता सिंधु खरीटा

# पीएम का आह्वान आत्मनिर्भर भारत की ओर जागरूक कदम

आज का समय केवल विकास की दौड़ का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित को समझने का समय है। वैश्विक परिस्थितियों, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया "राष्ट्रहित का आह्वान" केवल एक राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए जिम्मेदारी का संदेश है। यह आह्वान हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं होता, बल्कि आम नागरिकों की छोटी-छोटी आदतों और निर्णयों से भी होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार "वोकल फॉर लोकल", "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसे अभियानों के माध्यम से देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और विदेशी निर्भरता कम करने का संदेश दिया है। उनका मानना है कि जब भारत का नागरिक अपने ही देश में बने उत्पादों पर विश्वास करेगा, तभी भारत आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेगा। यह केवल व्यापार का विषय नहीं, बल्कि देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है। भारत जैसे विशाल देश में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में थोड़ी जागरूकता दिखाए, तो इसका प्रभाव पूरे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो उससे छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और देश का पैसा देश में ही रहता है। इसके विपरीत विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता देश की आर्थिक शक्ति को कमजोर करती है। प्रधानमंत्री का यह आह्वान केवल आर्थिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संस्कृति सदैव आत्मसम्मान, श्रम और स्वदेशी भावना को महत्व देती रही है। महात्मा गांधी ने भी स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से यही संदेश दिया था कि आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है। आज वही भावना आधुनिक रूप में फिर से देश के सामने प्रस्तुत की जा रही है। हालांकि केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं होते। नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हम अपने निर्णयों से देशहित को प्राथमिकता दे रहे हैं? क्या हम पर्यावरण, स्थानीय रोजगार और भारतीय उद्योगों के प्रति संवेदनशील हैं? यदि प्रत्येक नागरिक इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार करे, तो भारत को विश्व शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आज आवश्यकता केवल नारों की नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन की है। राष्ट्रहित का अर्थ केवल सीमा पर देश की रक्षा करना नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवन में ऐसे निर्णय लेना भी है जो देश को मजबत बनाएं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बच्चों की पहली शिक्षक होती है मां

मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन की सबसे गहरी अनुभूति है। संसार में बच्चे की पहली पहचान, पहला स्पर्श, पहला भरोसा और पहली शिक्षा मां से ही शुरू होती है। किसी भी समाज की सभ्यता और संवेदनशीलता इस बात से आंकी जा सकती है कि वहां मातृत्व को कितना सम्मान और महत्त्व दिया जाता है। आधुनिक समय में भले ही शिक्षा के बड़े-बड़े संस्थान, डिजिटल तकनीक और करियर की दौड़ ने जीवन की दिशा बदल दी हो, लेकिन आज भी यह सत्य उतना ही मजबूत है कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी मां ही होती है। बच्चा जब जन्म लेता है, तब वह इस दुनिया की भाषा नहीं जानता।

-मनोज शुक्ला, जगदलपुर

## करंट अफेयर

### भारत ने आतंकी शेरा के प्रत्यर्पण पर पुर्तगाल का जताया आभार



लिस्बन। भारत ने मादक पदार्थ से संबद्ध वांछित आतंकवादी इकबाल सिंह उर्फ शेरा के पुर्तगाल से प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए वहां की सरकार और उसकी एजेंसियों का आभार व्यक्त किया है। बुधवार को, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुर्तगाल से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुर्तगाल से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही एनआईए के एक दल ने उसे हिरासत में ले लिया। वह 2020 में फरार हो गया था और पुर्तगाल चला गया था। लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया

## ऑफ बीट

### क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है



डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है : यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है

## ट्रेंड

### राहुल की विदेश यात्रा



2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी की 54 विदेश यात्राओं पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि घोषित आय 11 करोड़ रुपये है। यदि यह खर्च विदेशी स्रोतों से हुआ है, तो एफसीआरए की अनुमति कहां है? यदि यह निजी स्रोतों से हुआ है, तो इसका उल्लेख कर रिटर्न में क्यों नहीं है?
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### आरक्षित वन घोषित



दिल्ली के सेंट्रल रिज के 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित कर दिया है। यह निर्णय जैव विविधता के संरक्षण, पर्यावरणीय लचीलेपन में सुधार और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने में सहायक होगा।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अनावश्यक खर्चों से परहेज



मैं पिछले तीन वर्षों से इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहा हूं, जिसमें डीजल या पेट्रोल का उपयोग नहीं होता है। हमने हमेशा अनावश्यक खर्चों से परहेज किया है, और यही कारण है कि हमारा राज्य आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।
-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### जनता के पास अवसर



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने तीन साल पहले जनता को झूठे वादे देकर सरकार बनाई थी, लेकिन आज तक वे वादे पूरे नहीं हुए हैं। इन चुनावों में जनता के पास सबक सिखाने का सुनहरा अवसर है।
-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

## संक्षेप

### निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर कार्रवाई की मांग

**अमेठी में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन**

अमेठी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की अमेठी जिला इकाई ने जिले में शैक्षिक अनियमितताओं और निजी विद्यालयों की मनमानी फीस वसूली के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित था, जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों की शिथिलता और शैक्षिक भ्रष्टाचार पर भी चिंता व्यक्त की गई।परिषद के कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि जिले के कई निजी विद्यालय शिक्षा का व्यवसायीकरण कर रहे हैं। अभिभावकों पर निर्धारित दुकानों से पुस्तकें, कॉपियां और ड्रेस खरीदने का दबाव बनाया जाता है, जो सरकारी नियमों का उल्लंघन है। एबीवीपी ने ऐसे विद्यालयों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।एबीवीपी ने शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर गरीब और वंचित बच्चों के प्रवेश में अनियमितता का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि कई महंगे निजी विद्यालय आरटीई नियमों का सही ढंग से पालन नहीं कर रहे हैं। परिषद ने इन विद्यालयों की जांच कर नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि निजी विद्यालय एडमिशन फीस, वार्षिक शुल्क और किताबों के नाम पर मनमानी वसूली कर रहे हैं। कई विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशनों की महंगी किताबें चलाकर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित और सहायता प्राप्त विद्यालयों में भी अवैध फीस वसूली और बिना मान्यता के कक्षाएं चलाने की शिकायतें सामने आईं। विद्यार्थी परिषद ने इन सभी मामलों की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### ऑपरेशन चक्रव्यूह में शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**भाले सुल्तान पुलिस ने तमंचे-कारतूस के साथ युवक को दबोचा**

अमेठी , पुलिस के 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जिले भर में अपराधियों की धरपकड़ के लिए 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में, 15 मई 2026 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने यह कार्रवाई की।पुलिस टीम वांछित अपराधियों की तलाश, गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं व वाहनों की चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान, मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध असलहा लेकर क्षेत्र में घूम रहा है।सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

# उद्घाटन की प्रतीक्षा में रुपईडीहा रेलवे स्टेशन

## सीमावर्ती नागरिकों में नाराजगी, रेलवे प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन पूरी तरह बनकर तैयार होने के बावजूद अब तक ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हो सका है।स्टेशन के निर्माण के बाद कई बार रेलवे के उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद रेल सेवाएं प्रारंभ न होने से सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों और यात्रियों में निराशा एवं नाराजगी बढ़ती जा रही है।

जानकारी के अनुसार रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणक, डीआरएम एस. अग्रवाल तथा एडीआरएम भुवनेश सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी स्टेशन का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चुके हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन पूरी तरह तैयार है, इसके बावजूद ट्रेनों का संचालन शुरू न होना समझ से परे है।नेपालगंज रोड स्टेशन भारत-नेपाल सीमा का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन माना जाता है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों नेपाली नागरिक और स्थानीय लोग आवागमन करते हैं।स्टेशन बनने के बाद नेपालगंज-गोंडा पैसेंजर ट्रेन के साथ गोरखपुर और वाराणसी तक रेल सेवा शुरू होने की उम्मीद जगी थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी रेलवे प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। लोगों ने रेल मंत्रालय से हस्तक्षेप कर शीघ्र ट्रेन संचालन शुरू कराने की मांग की है।

प्रधान मोहम्मद जुबेर फारुकी ने कहा कि स्टेशन तैयार होने के बाद भी ट्रेनों का संचालन शुरू न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा कि जब सभी व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं तो फिर देरी का कारण स्पष्ट नहीं किया जा रहा है।

समाजसेवी जाफर इमाम रिजवी ने बताया कि कई बार अधिकारियों के निरीक्षण के बावजूद रेलवे की ओर से कोई ठोस पहल नहीं दिखाई दे रही है। इससे यात्रियों में मायूसी है और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पत्रकार एवं समाजसेवी संजय वर्मा ने कहा कि सीमावर्ती नागरिक लंबे समय से नेपालगंज-गोंडा ट्रेन सेवा का इंतजार कर रहे हैं।उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द इस रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# 24 घंटे बाद मिला मासूम बच्ची का शव, मुंह में कपड़ा ठूंसा मिलने से फैली सनसनी

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच।खैरीघाट थाना क्षेत्र के मथुरा गांव में कक्षा तीन की एक मासूम छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।बच्ची बीते 24 घंटे से लापता थी, जिसकी तलाश में परिजन और पुलिस लगातार जुटे हुए थे।रविवार को गांव के बाहर उसका शव मिलने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया।

मृत बच्ची की पहचान पूजा पुत्री अरविंद कुमार उम्र करीब 9 वर्ष निवासी मथुरा गांव के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था तथा शरीर पर कपड़े नहीं थे। इस स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि बच्ची के लापता होने के संबंध में परिजनों की तहरीर पर एक दिन पूर्व ही मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में दहशत और गम का माहौल बना हुआ है।

# लाठी-डंडे लेकर अस्पताल पहुंची महिलाएं

**जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पर प्रदर्शन किया, व्यवस्था सुधारने की मांग**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , संयुक्त जिला चिकित्सालय में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और डॉक्टरों की कमी को लेकर महिला किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। लाठी-डंडों से लैस बड़ी संख्या में महिलाओं ने अस्पताल के बाहर नारेबाजी करते हुए तत्काल सुधार की मांग की।रीता सिंह जन कल्याण समिति से जुड़ी इन महिलाओं ने सीएमओ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। उनका आरोप है कि अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी और स्टाफ की लापरवाही के कारण मरीजों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि संयुक्त जिला चिकित्सालय में लंबे समय से कोई महिला विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं है।इसके चलते गर्भवती महिलाओं और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रही महिला मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। संगठन ने तत्काल महिला विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती की मांग की है।महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में प्रशिक्षण के लिए आने वाले प्रशिक्षु छात्रों के भरोसे मरीजों को छोड़ दिया जाता है। नियमित डॉक्टर और स्टाफ अपनी जिम्मेदारियों से बचते हैं। अनुभवहीन प्रशिक्षुओं द्वारा इलाज से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है।

संगठन ने मांग की है कि नियमित स्टाफ अपनी निगरानी में मरीजों का इलाज करे

# भारत नेपाल सीमा क्षेत्र से स्मैक के साथ नेपाली अभियुक्त गिरफ्तार

## एसएसबी व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में एक नेपाली अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से स्मैक बरामद हुई गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। भारत नेपाल की खुली सीमा तस्करी के लिए मुफीद साबित हो रही है वहीं सशस्त्र सीमा बल व पुलिस की सक्रियता से नशे के सौदागरों पर लगातार कार्यवाही हो रही है।सशस्त्र सीमा बल व थाना मोतीपुर की पुलिस भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के बलई गांव फुट्टा चेक पोस्ट के निकट से शनिवार देर शाम थाना अध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया एसएसबी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया इसी बीच जवानों ने उसे दबोच लिया तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई पूछताछ में उसने अपना नाम अमृत थारू पुत्र रूप बहादुर थारू निवासी वार्ड नंबर चार गांव पालिका बढ़ैया ताल थाना मैना पोखर जिला बर्दिया राष्ट्र नेपाल बताया। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि एक नेपाली तस्कर 15 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा गया है जिसे जेल भेज दिया गया है।

# युवती से रेप के प्रयास का आरोप

**मां ने एसपी से लगाई गुहार, सीओ बोले- आरोपों की नहीं हुई पुष्टि**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर , कुड़वार थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़खानी और बलात्कार के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय थाने से न्याय न मिलने पर पीड़िता की मां ने एसपी से गुहार लगाई है।पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता की मां ने बताया कि वह एक विधवा महिला हैं और मेहनत-मजदूरी कर अपनी चार बेटियों का पालन-पोषण करती हैं। उनकी बेटी के साथ यह घटना हुई है। रेप का किया प्रयास शिकायत के अनुसार, यह घटना बीते 11 मई की शाम करीब 6 बजे हुई, जब युवती अपने खेत से सब्जी लेने गई थी। आरोप है कि गांव के ही अमित कुमार और विशाल कुमार ने उसे जबरन दबोच लिया। युवती को पकड़कर आरोपियों ने रेप के इरादे से उससे छेड़खानी शुरू कर दी। युवती के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए। बेटी के शोर मचाने पर जब उसकी मां मौके पर पहुंचीं, तो आरोपियों ने दोनों मां-बेटी को बेरहमी से पीटा, जिससे उन्हें चोटें आईं। जाते समय आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।6 महीने से युवती को परेशान करने का आरोप पीड़िता की मां का आरोप है कि घटना के अगले दिन सुबह जब वह लिखित शिकायत लेकर कुड़वार थाने पहुंचीं, तो उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।पुलिसकर्मियों ने उन्हें डांट-फटकार कर थाने से भगा दिया।शिकायत में यह भी बताया गया है कि आरोपी अमित कुमार और विशाल कुमार का घर पीड़िता के घर के पास ही है।

# एक के बाद एक दो ट्रकों ने रौंदा...3 की मौत

**अमेठी में बरीक्षा कार्यक्रम से बाइक से लौट रहे थे, 10 मीटर तक घिसटे, रिश्तेदार थे**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी में तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर रिश्तेदार के घर से बरीक्षा कार्यक्रम से निकले थे।घर से कुछ ही दूरी पर तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों 10 फुट तक घिसटते चले गए। एक युवक तो छिटककर दूर जा गिरा, पर बाकी दो ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। इसके बाद पीछे आ रहे एक और ट्रक ने दोनों को रौंद दिया।एक के बाद एक दो ट्रकों से कुचलने के कारण शव क्षतझ्रविक्षत हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीसरे युवक को अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। तीन युवक आपस में रिश्तेदार थे। घटना जिला मुख्ख्यालय से 19 किलोमीटर दूर टांडाझ्रबांदा हाइवे पर मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र की है।मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरब दुवारा गांव निवासी राजकुमार के यहां बरीक्षा कार्यक्रम था।इसी कार्यक्रम में शामिल होने पड़ोसी रमई का बेटा कर, गांव के रहने वाले अंकित पुत्र हरीलाल और अर्जुन पुत्र नंदलाल पहुंचे थे। देर रात करीब 10 बजे तीनों बाइक से गांव के बाहर निकले थे। वापसी के दौरान टांडाझ्रबांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवगंज गांव के कट के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद तीनों ट्रक के अगले हिस्से में फंसकर करीब 10 मीटर तक घिसटते चले गए। अंकित तो छिटक कर दूर हो गया। पर करन और अर्जुन ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। इसके बाद पीछे से आ रहे एक और ट्रक भी उन्हें रौंदते हुए पार हो गया।

# किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## साथा चीनी मिल घोटाले का मुद्दा उठाया, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , किसान मजदूर संगठन ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें सरकार और प्रशासन पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आठ सूत्रीय मांगपत्र प्रस्तुत किया गया। किसानों ने साथा चीनी मिल घोटाले, मंडियों में अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की।संगठन ने बताया कि अलीगढ़ मंडल की एकमात्र साथा सहकारी चीनी मिल वर्षों से बदहाली का शिकार है। सरकार ने बजट 2023-24 में इसके आधुनिकीकरण की घोषणा की थी, लेकिन यह कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है। किसानों ने आरोप लगाया कि बंद पड़ी चीनी मिल में भी 1137 कुंतल चीनी घोटाले का मामला सामने आया है, जिससे उनमें रोष है।ज्ञापन में जिले की मंडियों और उपमंडियों की स्थिति पर भी प्रकाश डाला गया। किसानों ने बताया कि उनके लिए बने चबूतरों और टिन शेडों पर व्यापारियों का अवैध कब्जा है। इससे बारिश के दौरान किसानों की फसल भीग जाती है और उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जिससे प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये का नुकसान होता है। संगठन ने मंडियों में ₹सैंपल₹ के नाम पर किसानों से हो रही कथित अवैध वसूली और भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर विद्युत लाइनों को तुरंत बदलने, हरदुआगंज रजवाह से निकलने वाली कासिमपुर माइनर में पानी की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने और सीमेंट फैक्ट्रियों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण पर कार्रवाई की भी मांग की। उनका कहना है कि इस प्रदूषण से फसलें बर्बाद हो रही हैं और ग्रामीणों में बीमारियां बढ़ रही हैं।इसके अतिरिक्त, आलू किसानों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए सरकार से 300 रुपये प्रति कुंतल अनुदान देने की मांग की गई। किसान मजदूर संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# नितेश राणे के बयान पर सुल्तानपुर में एआईएमआईएम का प्रदर्शन

## ओवैसी की लादेन से तुलना पर गुस्सा, राष्ट्रपति को भेजा मांग पत्र

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , एआईएमआईएम कार्यकताओं ने महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे के बयान पर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सरफराज अहमद के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।इसमें आरोपी मंत्री के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि मंत्री नितेश राणे ने मीडिया से बातचीत में एआईएमआईएम को 'आतंकवादी संगठन' कहा था। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी की तुलना पूर्व अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन से भी की थी। एआईएमआईएम ने आरोप लगाया है कि यह बयान ओवैसी की छवि खराब करने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। पार्टी के अनुसार, यह टिप्पणी आधारहीन और जानबूझकर की गई है। एआईएमआईएम ने नितेश राणे के बयान के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगों में राणे को महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना और सार्वजनिक रूप से ओवैसी तथा पार्टी कार्यकताओं से माफी मांगना शामिल है। पार्टी ने तर्क दिया कि एआईएमआईएम भारत के निर्वाचन आयोग में एक पंजीकृत दल है।इसके सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि देश के लोकतंत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

# हत्या के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

**लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप, सिर में गंभीर चोटें आई थी**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , जनपद के नगर कोतवाली क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान इन्हें पकड़ा और इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो. दिलशाद (30 वर्ष) और मो. अतीक (36 वर्ष) के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, ये दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहे थे और पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। इनकी गिरफ्तारी जेल के पीछे स्थित रेलवे कॉलोनी, पूर्वी सदरपुर इलाके के पास से की गई।नगर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी सदरपुर गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि विपक्षीगण ने उसे जान से मारने की धमकी दी, गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।इस हमले में पीड़ित के सिर में गंभीर चोटें आईं।जब पीड़ित के पिता ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।पीड़ित की शिकायत के आधार पर नगर कोतवाली पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।इसी क्रम में पुलिस टीम लगातार दबिश और चेकिंग अभियान चला रही थी। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

## प्रतापगढ़ में तीन लोग गंभीर रूप से घायल, इलाज जारी

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,महेशगंज थाना के हुलासगढ़ बाजार के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवतियों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के राजगढ़ ग्राम पंचायत निवासी श्रद्धालु मनगढ़ धाम दर्शन के लिए निजी हुंडई वर्ना कार से जा रहे थे। वाहन में अंतिमा गौतम पुत्री गोविंद प्रसाद गौतम (18), रिचा गौतम पुत्री पप्पू गौतम (17), शक्ति गौतम पुत्र पिंटू गौतम (20), महक पुत्री नन्हेंलाल (18), सोनाली पुत्री पिंटू कोरी (11) तथा अन्नू गौतम सवार थे। कार को शेरू पुत्र शिवराम निवासी धारूपुर चला रहा था। बताया गया कि हुलासगढ़ बाजार के पास पहुंचते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रिचा गौतम और युवक अन्नू गौतम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शक्ति गौतम, महक और सोनाली गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही महेशगंज थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशगंज के चिकित्सा अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों को घायलों के त्वरित उपचार के निर्देश दिए।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

## संक्षेप

### कश्यप समाज का प्रदर्शन

#### अलग आरक्षण और राजनीतिक भागीदारी की मांग

बागपत, शुक्रवार को सामाजिक न्याय पार्टी के जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप के नेतृत्व में कश्यप समाज के लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में करीब 9 लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने पिछड़ा वर्ग, अतिपिछड़ा और महादलित समाज के लिए अलग आरक्षण और राजनीतिक भागीदारी की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत पिछड़े वर्गों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए आयोग गठन का प्रावधान किया था। इसी के तहत काका कालेलकर आयोग और मंडल आयोग का गठन किया गया था। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मंडल आयोग की रिपोर्ट को लंबे समय तक लागू नहीं किया गया, जबकि आयोग ने पिछड़े वर्गों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की सिफारिश की थी। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि अतिपिछड़ा और महादलित वर्ग को उनकी आबादी के अनुपात में अलग आरक्षण दिया जाए, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को न्याय मिल सके। इसके अतिरिक्त, पंचायत से लेकर लोकसभा तक राजनीतिक आरक्षण लागू करने की भी मांग की गई। उन्होंने यह भी कहा कि इन वर्गों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाए और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक अलग कानून बनाया जाए। सामाजिक न्याय पार्टी के जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप ने कहा कि जब तक समाज के वंचित वर्गों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से इन मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

### पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

#### मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में हुई कार्रवाई

बागपत में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मारपीट, जान से मारने की धमकी और बलवा जैसे गंभीर मामलों में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 5 फरवरी 2026 का है, जब ग्राम अहेड़ा निवासी बिजेंद्र पुत्र भजनलाल ने थाना कोतवाली बागपत में शिकायत दर्ज कराई थी। बिजेंद्र ने आरोप लगाया था कि गांव के कुछ लोगों ने एकजुट होकर उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी बताया गया था कि आरोपियों ने धारदार हथियार लेकर बिजेंद्र के भतीजे दीपांशु और बेटे यतिन पर हमला भी किया था। पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली बागपत में मुकदमा संख्या 83/26 दर्ज किया गया था। इसके बाद से पुलिस इन आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। बागपत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए इस मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों निखिल पुत्र रामनिवास और कुलदीप पुत्र संजीव, दोनों निवासी ग्राम अहेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# प्रयागराज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यकताओं का किया उत्साहवर्धन

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज : 17 मई 2026। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी, यमुनापार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बताते हुए जिलाध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम संगठन की मजबूती का आधार होते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान पूरे देश में जिला स्तर पर संचालित हो रहा है और कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कठिन परिस्थितियों में भी मैदान में उतरकर कार्य करता है और यही उसकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की जनता एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ नेता केवल आलोचना करते हैं, जबकि जनता उनके व्यवहार को गंभीरता से नहीं लेती। अपने वक्तव्य में उप मुख्यमंत्री ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का उल्लेख करते हुए इसे ऐतिहासिक निर्णय बताया और कहा कि इससे देश की एकता और अखंडता को मजबूती मिली है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि वहां भी लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए भाजपा निरंतर संघर्ष कर रही है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार और बलिदान ही भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक नींव हैं और आज संगठन की मजबूती उन्हीं के आदर्शों का परिणाम है। कार्यक्रम के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने पत्रकार बंधुओं से वार्ता करते हुए संगठन की गतिविधियों एवं आगामी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, विधायकगण पियूष रंजन निषाद, राजमणि कोल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# यमुना नदी में डूबे छह युवक कर की हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के ललौली थाना क्षेत्र अंतर्गत तपनी गांव के समीप यमुना नदी में स्नान करने गए 6 युवक यमुना की गहराई में चले गए और डूब गए आसपास मौजूदा लोगों ने शोर मचाया तथा स्थानीय पुलिस बल को सूचना दिया सूचना पाकर पहुंची ललौली पुलिस बल ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत करते हुए सभी को बाहर निकाला जिसमें चार युवक दम तोड़ चुके थे वहीं दो युवक सुरक्षित बचा लिए गए डूबें हुए युवकों में हसीबुद्दीन शाहिद अंश तथा शान की मौत हुई जिन्हें प्रशासन ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही सूचना मिलने पर सभी युवकों के परिजनों में कोहराम मच गया

## अज्ञात कारणों से लगी आग हजारों की गृहस्थी जलकर राख



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से एक घर की अनाज, कपड़े, छप्पर, नकदी एवं अन्य गृहस्थी का सामान जलाकर राख हो गया। ग्रामीणों ने किसी तरह निजी संसाधनों की बदौलत आग पर काबू पाया। आग बुझाने में वृद्ध झुलस गए। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ओसिया मजरा भटनिया निवासी विनोद पुत्र मुन्ना के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग से घर में रखा अनाज, कपड़े, तीन छप्पर, नकदी एवं अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह निजी संसाधनों की बदौलत आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाते तब तक लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हो गया। ग्रामीणों ने राजस्व कर्मी को सूचना दी है। आग बुझाते समय मुन्ना पुत्र कल्लू मामूली रूप से झुलस गए।

# फंदे पर लटकता मिला चौथी कक्षा के छात्र का शव

## घर पर नहीं थे परिजन, पड़ोसी ने देखकर सूचना दी, परिजनों का कार्रवाई से इनकार

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, शास्त्री नगर में चौथी कक्षा के छात्र का शव फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। संभवतः खेल-खेल में हादसा हुआ है। शास्त्री नगर में मनीष अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह चाय का खोखा चलाते हैं जबकि पत्नी प्रियंका किसी शोरूम में काम करती हैं। दोनों काम पर गए हुए थे। घर पर दोनों बेटे हितेश और प्रिंस अकेले थे। शाम करीब 7 बजे प्रिंस को घर के प्रथम तल पर फंदे के सहारे लटका देखा पड़ोसी पहुंच गए। सूचना पर मनीष और प्रियंका भी पहुंच गए लेकिन तब तक प्रिंस की मौत हो चुकी थी। फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच इसकी सूचना पाकर नौचंदी थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। उनके द्वारा फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया हालांकि परिजनों ने किसी भी तरह की कार्रवाई से इनकार कर दिया। पुलिस ने परिजनों को समझाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रिंस की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मौत की वजह जानने में जुटी पुलिस इंस्पेक्टर नौचंदी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि खेल-खेल में यह हादसा हुआ है। हर रोज ही दोनों बच्चे घर पर अकेले रहते हैं। घर के अंदर किसी भी तरह की कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। परिजन भी किसी भी कार्रवाई से इनकार कर रहे थे लेकिन पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें दिया गया है। तहरीर मिलती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जिम ट्रेनर को दोस्त ने मारी गोली

### हाथ में लगी गोली, पिस्टल से फायरिंग की; हमलावर फरार

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, कंकरखेड़ा स्थित गणपति विहार में रात एक जिम ट्रेनर को उसके दोस्त ने गोली मार दी। गोली लगने से घायल ट्रेनर खुद अस्पताल पहुंचा, जबकि हमलावर अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर एसपी सिटी और सीओ दौराला ने अस्पताल पहुंचकर घायल से वारदात की जानकारी ली। नंगलाताशी निवासी राहुल उर्फ सुल्तान का गणपति विहार के बेसमेंट में 'सुल्तान फिटनेस जिम' है। रात करीब आठ बजे जब राहुल जिम पहुंचा, तब वहां पहले से मौजूद सुमित गुर्जर ने पिस्टल से उस पर फायर कर दिया। गोली राहुल के हाथ में लगी। हमले के बाद सुमित और उसका साथी मौके से भाग गए। कंकरखेड़ा थाने के कार्यवाहक प्रभारी अजीत शाक्य ने बताया कि घायल राहुल ने डायल-112 पर घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। कार्यवाहक प्रभारी के साथ एसपी सिटी विनायक भोसले और सीओ दौराला ने अस्पताल जाकर राहुल से विस्तृत जानकारी ली। एसपी सिटी विनायक भोसले ने बताया कि जिम ट्रेनर के हाथ में .32



बोर की गोली लगी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर भेजी गई हैं। राहुल पर हमले की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## रोडवेज बस ने डिलीवरी बॉय को कुचला

### परिजनों ने थाने पर किया प्रदर्शन, ऑर्डर देकर लौट रहा था युवक

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, शास्त्री नगर में चौथी कक्षा के छात्र का शव फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। संभवतः खेल-खेल में हादसा हुआ है। शास्त्री नगर में मनीष अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह चाय का खोखा चलाते हैं जबकि पत्नी प्रियंका किसी शोरूम में काम करती हैं। दोनों काम पर गए हुए थे। घर गाजियाबाद, तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार डिलीवरी बॉय को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने थाने पर प्रदर्शन किया और बस चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। हादसा दिल्ली-मेरठ मार्ग पर शाम को हुआ। मृतक की पहचान संजयपुरी कॉलोनी के रहने वाले विकास के रूप में हुई है। वह अपने पिता रामकिशोर, मां गीता, भाई आकाश और बहन डोली के साथ रहते थे। विकास भगवान गंज मंडी स्थित एक दुकान पर डिलीवरी बॉय का काम करते थे। ऑर्डर देकर बाइक से वापस लौट रहे थे शाम करीब 5:30 बजे विकास एक ऑर्डर देकर बाइक से वापस लौट रहे थे। वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एमएम डिग्री कॉलेज के सामने पहुंचे, तभी मेरठ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बस की चपेट में आने से विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विकास को तुरंत स्थानीय



अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने यातायात को सुचारु कराया। घटना से नाराज सैकड़ों लोग मोदीनगर थाने पर जमा हो गए और जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने बस चालक को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की। थाना प्रभारी ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। विकास की मौत से उनके परिवार के सामने अब रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

# एसएसपी ने थाने भेजा, दरोगा-बोला पहले तहरीर बदलकर ला

## रंगदारी की घटना को सामान्य मारपीट और धमकी बनाने पर तुली रोहटा पुलिस

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, अफसरों की सख्ती भी थानों की मनमानी पर अंकुश लगा पाने में नाकाम हो रही है। ताजा मामला रोहटा थाने का है। यहां ऑफिस से थाने भेजे गए पीड़ित पर भी दरोगा ने तहरीर बदलने का दबाव बना दिया। उसे गवाह मांगे जा रहे हैं। पीड़ित शुक्रवार को दोबारा एसएसपी ऑफिस पहुंचा और अफसरों से शिकायत की। मामले की जांच उड को सौंप गई है। पहले एक नजर पूरे मामले पर मामला रोहटा थाने के ग्राम रसूलपुर का है। यहां परवेज अपने परिवार के साथ रहता है। अपनी जीविका चलाने के लिए परवेज फलों का ठेला लगाता है। परवेज ने एसएसपी से शिकायत की उसके गांव का शौकीन पुत्र युसूफ अपराधी किस्म का व्यक्ति है। आरोप है कि शौकीन उससे 50 हजार रूपए की रंगदारी मांग रहा है। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। जेल काटकर बाहर आया है शौकीन पीड़ित परवेज ने एसएससी को बताया कि शौकीन हत्या के एक मामले में 6 साल की सजा काटकर कुछ समय पहले की जमानत पर जेल से बाहर आया है। गांव में आते ही उसने लोगों को धमकाना शुरू कर दिया है। उससे सीधे 50 हजार रूपए की रंगदारी मांगी है, जिसके बाद परिवार दहशत में है। एसएसपी ऑफिस से थाने में भेजा गया पक्ष जानने के बाद एसएसपी ऑफिस से अफसर ने परवेज को वापस रोहटा थाने भेजा। 14 मई को वह थाने पहुंचा तो वहां थाना अध्यक्ष पूजा पवार ने पूरी बात सुनी और उसे पूठ चौकी पर तैनात दरोगा अमित यादव के पास भेज दिया। आरोप है कि तहरीर देखते ही दरोगा अमित यादव ने उसे दर्ज करने से मना कर दिया। रंगदारी का आरोप हटाने के लिए कहा परवेज ने आरोप लगाया कि दरोगा अमित यादव ने दूसरी तहरीर लिखकर देने की बात कही। दबाव बनाया कि वह नई तहरीर में से रंगदारी मांगने का आरोप हटा दे। तब ही वह उसकी रिपोर्ट दर्ज कराएगा वरना रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी। परवेज ने शुक्रवार को अफसरों को बताया कि उसे व उसके परिवार को जान का खतरा है। फिर भी पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है।

## ग्रेटर नोएडा के जेवर चौराहे पर फायरिंग

### एक युवक गंभीर रूप से घायल, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार




जेवर, ग्रेटर नोएडा के जेवर कस्बे में गुरुवार रात मुख्य चौराहे पर फायरिंग हुई। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे नोएडा के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यह घटना रात करीब 9:30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक व्यक्ति ने अचानक चौराहे पर गोली चला दी। गोली वहां खड़े एक अज्ञात युवक को लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। फायरिंग के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों ने तुरंत घायल को अस्पताल पहुंचायास्थानीय लोगों के मुताबिक, गोली चलाने वाला व्यक्ति कथित तौर पर नशे की हालत में था। हालांकि, फायरिंग के पीछे का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे टक्कर एक की मौत

### पिकअप गाड़ी 120 किमी की रफ्तार से ट्रक से टकराया, छह फीट तक बोनट घुसा

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। घटना एक्सप्रेस पर आगरा से परीचौक के पास हुई। हादसे में पिकअप ड्राइवर मोहित पुत्र नेत्रपाल, जोकि अलीगढ़ के रहने वाले हैं। उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पीछे से आ रहे यातायात को रोका गया। क्रेन की मदद से पिकअप और ट्रक को किनारे किया गया। जिसके बाद यातायात को सुचारु किया गया। पुलिस ने बताया कि गुरुवार देर रात आगरा से परिचौक की ओर पिकअप गाड़ी की ट्रक से पीछे से भिड़ंत हो गई। बताया गया कि पिकअप ड्राइवर मोहित को नींद या झपकी आ गई थी। पिकअप गाड़ी 120 की स्पीड में थीजिससे पिकअप गाड़ी की स्पीड बढ़ी और पीछे से ट्रक में टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे पिकअप से निकालकर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में पिकअप के परखच्चे उड़ गए। घटना इतनी भयावह थी कि पिकअप का बोनट करीब छह फीट तक ट्रक के नीचे घुस गया। ट्रक पर ट्रैक्टर लोड थे। पिकअप के बोनट से लेकर पीछे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि जब पिकअप ट्रक से टकराई उस समय उसकी रफ्तार 120 किमी प्रतिघंटा के आसपास रही होगी।

# जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर मिला युवक का शव

## नोएडा में इलाज कराने गया था, हार्ट अटैक से मौत की आशंका

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में एक युवक का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच के दौरान डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ से पूछताछ की गई। शुरूआती जांच में मामला हार्ट अटैक से मौत का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव पर किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। दूसरी मंजिल पर मिला शव मृतक की पहचान नीरज कुमार (32) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, नीरज गुरुवार रात इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल आया था। देर रात उसका शव अस्पताल की दूसरी मंजिल पर पड़ा मिला। अस्पताल में तैनात कर्मचारी फरीद बाबू जब रात में राउंड पर पहुंचे।

# मारपीट जानलेवा हमले के मुकदमे में वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**घटना में प्रयुक्त धारदार हथिया बरामद।**

**अमन लेखनी समाचार**



चोपन सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 15.05.2026 को वादिनी श्रीमती जानकी देवी पत्नी रजनीश विश्वकर्मा निवासी ग्राम पटवध थाना चोपन जनपद सोनभद्र द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दी गयी कि घर के बंटवारे की बात को लेकर उनके भसुर कृपाशंकर विश्वकर्मा, उनकी पत्नी पार्वती पत्नी कृपाशंकर विश्वकर्मा, उनके पुत्र रवि विश्वकर्मा पुत्र कृपाशंकर विश्वकर्मा एवं पुत्री मीनू पुत्री कृपाशंकर द्वारा गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से वादिनी के पति रजनीश विश्वकर्मा पर हमला कर दिया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आयीं। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0सं0 0177/2026 धारा 109(1), 115(2), 191(2), 352, 351(3) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 15.05.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर थाना चोपन पुलिस द्वारा ग्राम पटवध चोपन से घेराबंदी कर मुकदमे से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्तों को समय करीब 19:25 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 धारदार हथिया बरामद की गयी। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# राजस्व अभिलेखों को पारदर्शी एवं विवादमुक्त बनाने की दिशा में सोनभद्र प्रशासन की बड़ी पहल

**पांच दिवसीय विशेष अभियान में 20665 सहखातेदारों का हुआ अंश निर्धारण।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।राजस्व अभिलेखों को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित एवं विवादमुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाये गये पांच दिवसीय विशेष अंश निर्धारण अभियान ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में संचालित इस अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायतवार खातेदारों एवं सहखातेदारों की खतौनियों में अंश निर्धारण की कार्यवाही युद्धस्तर पर करायी गयी।जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु प्रत्येक तहसील स्तर पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गयी थी। क्षेत्रीय लेखपालों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए नियमित मॉनिटरिंग की गयी, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित समय सीमा के भीतर व्यापक स्तर पर अंश निर्धारण की कार्यवाही सम्पन्न करायी जा सकी।उन्होंने बताया कि अभियान के अन्तिम दिवस आज सायं 06:00 बजे तक तहसील रॉबर्ट्सगंज में 4257, तहसील घोरावल में 3187, तहसील ओबरा में 3427 तथा तहसील दुद्धी में 9794 अंश निर्धारण की कार्यवाही पूर्ण की गयी। इस प्रकार जनपद की चारों तहसीलों में कुल 20665 सहखातेदारों का अंश निर्धारण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गयी है।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में मई महीने के तृतीय शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वार्मा उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी ने 183 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 09 मामलें निस्तारित किये गये और 06 टीम को क्षेत्र में भेजकर 06 प्रकरण को निस्तारित किया गया। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 15 मामले निस्तारित हुए, बाकी 168 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार घोरावल, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

02- सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर अश्वनी कुमार, तहसीलदार सदर अमित कुमार आदि ने 147 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 22 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 22 मामले निस्तारित हुए, बाकी 125 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

03- सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह व तहसीलदार ओबरा आदि ने 62 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये, 02 टीम क्षेत्र में भेज कर टीम द्वारा 02 निस्तारण किया गया, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 05 मामले निस्तारित हुए, बाकी 57 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

04-सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन उप जिलाधिकारी निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

**खास समाचार**

# अनपरा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त किया गया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में वारण्टियों/वाँछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रोशन पनिका पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी ग्राम कुलडोमरी डिबुलगंज थाना अनपरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# अनपरा पुलिस ने दुष्कर्म के प्रकरण में फरार चल रहे 01 वांछित अभियुक्त को पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 113/2026 धारा 64(1), 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित दुष्कर्म प्रकरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया आज दिनांक 16.05.2026 को थाना अनपरा पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त मुकेश खरवार पुत्र शिवलाल खरवार निवासी जोगेन्द्रा टोला बोदरहवा थाना अनपरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष को कुबरी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# नीबी गहरवार में बिजली संकट: 3 दिन से अंधेरे में ग्रामीण, टूटे पोलों पर विभाग की लापरवाही

**अमन लेखनी समाचार**

मीरजापुर।निबी गहरवार गांव में पिछले तीन दिनों से बिजली पूरी तरह बाधित है।टूटे हुए बिजली पोलों को लेकर विभाग की घोर लापरवाही सामने आ रही है, जिससे पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों में गुस्सा और निराशा फैल गई है।स्थानीय निवासी लक्ष्मन ने बताया कि टूटे पोलों के कारण बिजली लाइन पूरी तरह ठप पड़ी हुई है।विभाग को शिकायत किए कई घंटे बीत गए, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।₹जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।न पानी की मोटर चल रही है, न मोबाइल चार्ज हो पा रहे हैं।बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और दूध-दही जैसी जरूरी चीजें खराब हो रही हैं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। विभाग तुरंत पोल सुधारकर बिजली बहाल करे,₹ दीपक पटेल ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा।ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग की उदासीनता से उनका धैर्य अब जवाब दे रहा है।वे चेतावनी देते हुए कह रहे हैं कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।विभाग के अधिकारियों का इस मामले में अभी कोई बयान नहीं आया है। प्रशासन और बिजली विभाग से ग्रामीणों की मांग है कि टूटे पोलों की तुरंत मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल की जाए।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर**

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# नगर कांग्रेस कमेटी का हुआ विस्तार, संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसरांय, झांसी। नगर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक 16 मई रविवार को संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौरसिया ने की।मुख्य अतिथि के रूप में सुनील द्विवेदी जिला महासचिव,विशिष्ट अतिथि सुरेश नगाइच जिला सचिव उपस्थित रहे।इस बैठक मे नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को नगर अध्यक्ष अभिषेक चतुर्वेदी द्वारा मनोज कुमार,आशीष वर्मा,लालाराम पांचाल ,आशीष चतुर्वेदी,भानु वर्मा,आरिफ खान, ठाकुरदास ,राघवेंद्र सेनी,राजीव, आलोक द्विवेदी,पंकज पांचाल, शशिकांत चौरसिया को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनता के हक की लड़ाई लड़ती आई है।कार्यक्रम को सोनल पटेल,अजय मोर्या,पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल खान,आंसू गुजर,अश्वनी पस्तोर आदि ने संबोधित किया।इस बैठक में नगर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम का संचालन अशोक सैन ने किया। अंत में आभार आजाद खान मेंबर ने व्यक्त किया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना बभनी का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण रिक्रूट आरक्षियों/महिला आरक्षियों को किया गया ब्रीफ एवं आसनडीह बॉर्डर चेक पोस्ट की चेकिंग व्यवस्था का लिया गया जायजा।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल द्वारा थाना बभनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों की गुणवत्ता, सीसीटीवी व्यवस्था, मालखाना, हवालात, थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र/महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया गया तथा महिलाओं से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त पुलिस मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत थाना बभनी में नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों एवं महिला आरक्षियों के कार्यों की समीक्षा कर उन्हें ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों, पुलिस आचरण, अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आमजन के साथ बेहतर व्यवहार एवं संवेदनशीलता के साथ पुलिसिंग करने हेतु प्रेरित किया गया। तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आसनडीह स्थित सोनभद्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण कर वहां पर चल रही वाहनों की चेकिंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग करने, बॉर्डर क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण एवं जनसुनवाई संबंधी मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानों के विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित कर दिए निर्देश

**तत्पश्चात थाना शाहगंज का किया गया आकस्मिक निरीक्षण।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा सर्किल घोरावल के थाना शाहगंज, थाना घोरावल एवं थाना करमा के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का संयुक्त रूप से अर्दली रूम आयोजित किया गया।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय भी उपस्थित रहे। अर्दली रूम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया तथा विवेचकों से लंबित विवेचनाओं की प्रगति एवं गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। विवेचनाओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस कर्मियों को अनुशासन, बेहतर पुलिसिंग, जनसुनवाई, अपराध नियंत्रण एवं कानून- व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना शाहगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों की गुणवत्ता, मालखाना, हवालात, सीसीटीवी व्यवस्था, थाना परिसर, भोजनालय, शस्त्रागार, बैरक एवं साफ-सफाई सहित अन्य प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन एवं सूक्ष्म अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए महिला अपराधों से संबंधित मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला सहायता हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, महिला एवं बालिका संबंधी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने तथा पीड़ितों को त्वरित, सम्मानजनक एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए साइबर अपराधों, ऑनलाइन फ्रॉड एवं डिजिटल अपराधों से संबंधित शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेने, पीड़ितों को शीघ्र सहायता प्रदान करने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करते हुए जनसामान्य में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत करने पर भी जोर दिया गया पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा निर्देशित किया गया

# मीरजापुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह: 384 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, अनुप्रिया पटेल ने दिया आशीर्वाद

**मीरजापुर में 384 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न**

**अमन लेखनी समाचार**




मीरजापुर : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को जीआईसी प्रांगण महुवरिया में 384 गरीब परिवारों के बेटे-बेटियों का विवाह संपन्न कराया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 1 लाख की सहायता दी गई - 60 हजार कन्या के खाते में, 25 हजार का गृहस्थी सामान और 15 हजार आयोजन पर खर्च। 5 जोड़ों का निकाह काजी ने पढ़ाया, शेष का विवाह वैदिक रीति से हुआ।इस दौरान जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, छानबें विधायक श्रीमती रिकी कोल, प्रदेश सचिव सहकारिता मंच राजेंद्र पटेल, प्रदेश सचिव रामवृक्ष बिंद, जिला सचिव संतोष विश्वकर्मा, जिला सचिव कुलदीप पटेल, जिला सचिव विमलेश भारती, नगर विधानसभा अभिभावक श्रीमती नमिता केसरवानी, विधानसभा अध्यक्ष राजेश मौर्य, जिला अध्यक्ष छात्र मंच विकास मौर्य, अल्पसंख्यक मंच जिला उपाध्यक्ष आरिफ अली मंसूरी आदि अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि पर केंद्र सरकार पर बरसे भाकपा नेता आर के शर्मा

**कहा कि आपदा में अवसर की तलाश करने वाली बीजेपी सरकार देश की जनता को ह्लमहंगाई के कुएं में धकेलती जा रही है।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र ! भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राज्य कार्यकारिणी सदस्य व सोनभद्र के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपये से अधिक की बढ़ोतरी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा में अवसर की तलाश करते वाली केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह विफल है और देश की जनता को मंहगाई के गहरे कुएं में धकेलती जा रही है। आगे कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन संकट में पड़ गया है, लेकिन सत्ता पर आसीन बीजेपी नेतृत्व की मोदी सरकार जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है।सीपीआई नेता कामरेड आर के शर्मा ने आरोप लगाया कि पिछले दो महीनों से देश के प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व पांच राज्यों के चुनाव प्रचार में व्यस्त रहे, जबकि देश की आर्थिक और विदेश नीति से जुड़े गंभीर मुद्दों की अनदेखी की जाती रही। उन्होंने कहा कि तेल के वर्चस्व को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जिसका असर वैश्विक बाजार पर पड़ रहा है उसके बावजूद अन्य देशों में स्थिति सामान्य है जर्मनी आस्ट्रेलिया , नेपाल जैसे अन्य और देशों में पेट्रोल, डीजल के दामों को घटा दिया गया और वहां की जनता पर किसी भी प्रकार के अतिरिक्त बोझ का दबाव नहीं पड़ा है।सीपीआई नेता ने कहा कि भारत पहले रूस से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद करता था, लेकिन अमेरिका के दबाव के कारण केंद्र की मोदी सरकार ने रूस से तेल आयात कम कर दिया। इसके चलते भारत अन्य देशों पर निर्भर हो गया जिसके चलते भारत देश में तेल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई , जो मोदी सरकार की विदेश नीति की विफलताओं को दशार्ता है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# पीटर विल्सन की फिल्म 'ऑब्सेस' का ट्रेलर जारी

मुंबई। बॉलीवुड में 'अंधाधुन' और 'फोबिया' जैसी पहले भी कई मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्में आई हैं। अब एक नई फिल्म 'ऑब्सेस' रिलीज होने के लिए तैयार है, जिसमें मुख्य किरदार पीटर विल्सन ने निभाया है। उनके साथ 'बिग बॉस 18' वाली ईशा सिंह भी मुख्य किरदार में हैं। 15 मई को फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जो खून-खराबा और भरपूर थ्रिल से भरपूर है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी पीटर ने संभाली है। ट्रेलर 1 मिनट 41 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत ईशा के आत्मविश्वासी और बेफिक्र किरदार से होती है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब उनका सामना पीटर द्वारा निभाए गए क्रोधित और गहरे मनोवैज्ञानिक आघात से जूझ रहे एक परेशान व्यक्ति से होता है। देखते ही देखते दोनों की अप्रत्याशित मुलाकात सबकुछ बदलकर रख देती है।

लाइफ Style

# माधुरी

## इन फिल्मों ने दिलाई शोहरत

बॉलीवुड में धक-धक गर्ल के नाम से मशहूर माधुरी दीक्षित 59 साल की हो गई हैं। 40 साल से ज्यादा समय भारतीय सिनेमा में गुजार चुकीं अभिनेत्री आज भी अपनी एक मुस्कुराहट से लोगों का दिल धड़का देती हैं। यही कारण है कि उनकी एक झलक के लिए फैंस हमेशा उतावले रहते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

माधुरी ने अपने करियर की शुरुआत 1984 में फिल्म 'अबोध' से की थी और अब तक कई बेहरतीन फिल्में दी हैं। साल 1988 में आई फिल्म 'तेज़ाब' माधुरी के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इसमें मौजूद गाना 'एक दो तीन' न सिर्फ उनके करियर का टर्निंग पॉइंट बना, बल्कि अभिनेत्री रातों-रात मशहूर हो गईं। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद इस फिल्म में अनिल कपूर भी हैं। आमिर खान के साथ आई फिल्म 'दिल' ने माधुरी को उनका पहला फिल्मफेयर पुरस्कार दिलाया। यह पुरस्कार उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए मिला था। यह भी प्राइम वीडियो पर मौजूद है। संजय दत्त के साथ 1993 में आई फिल्म 'खलनायक' सुपरहिट रही।

पुलिस अधिकारी 'गंगा' के किरदार में माधुरी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसमें मौजूद उनके सभी गाने बेहद लोकप्रिय हुए। यह फिल्म भी प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। वहीं 1994 में आई 'हम आपके हैं कौन' अभिनेत्री की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। सलमान खान के साथ उनकी जोड़ी, गाने और फिल्म का हर दृश्य लोगों के दिल के करीब है। यह जी5 पर मौजूद है। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद फिल्म 'साजन' में माधुरी और दत्त की जोड़ी दोबारा देखने को मिली।



हॉलीवुड मसाला



## फीफा वर्ल्ड कप में दिखेंगे एक मंच पर

लॉस एंजिल्स। फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अब सबसे बड़ा मनोरंजन धमाका होने जा रहा है। फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल मैच को लेकर संगीत जगत से एक ऐसी खबर आई है, जिसने पूरी दुनिया के फैंस को रोमांचित कर दिया है। इतिहास में पहली बार फुटबॉल के इस महाकुंभ में 'सुपर बाउल' की तर्ज पर एक भव्य हाफटाइम शो आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मैडोना, शकीरा और बीटीएस 2026 मेटलाइफ स्टेडियम के मंच पर एक साथ धमाल मचाएंगे।



## कान्स फेस्टिवल में छलके विन डीजल के आंसू...

लॉस एंजिल्स। 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने हॉलीवुड फिल्म 'द फास्ट एंड द फ्यूरियस' की टीम भी पहुंची। इस मौके पर विन डीजल, मिशेल रोड्रिग्ज, जॉर्डन ब्रूवर्स्टर, नील एच मोरिट्ज और मीडो वॉकर ने रेड कार्पेट पर शिरकत की और अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींच लिया। हालांकि, एक पल ऐसा आया, जब डीजल भावुक होते हुए अपने आंसुओं को नहीं रोक सके। उनका वीडियो सेशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसे देखकर फैंस भी भावुक हो रहे हैं। दरअसल, 'फास्ट एंड फ्यूरियस' की 25वीं सालगिरह पर डीजल अपने दिवंगत सह-कलाकार पॉल वॉकर को याद करके भवुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी में वॉकर का महत्व फिल्म में लिखी गई सक्रिप्ट से ज्यादा बढ़ गया है।




## अन्याय का पर्दाफाश करने आईं सोनाक्षी...

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह एक कोर्टरूम थ्रिलर है, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री ज्योतिका भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन अश्विनी अय्यर तिवारी ने किया है, जिन्हें 'पंगा' और 'बरेली की बर्फी' के लिए जाना जाता है। वहीं निर्माण की कमान पम्मी बावेजा, हरमन बावेजा और स्मिता बलिगा ने मिलकर उठाई है। फिल्म हाई-प्रोफाइल और आत्मविश्वासी वकील और विशेषाधिकार की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर में, सोनाक्षी ने 'नेहा राजवंश' नाम की वकील का किरदार निभाया है। उनके पिता के किरदार में निर्देशक आशुतोष गोवारिकर हैं। वहीं ज्योतिका 'सारिका रावत' के किरदार में हैं, जो कोर्ट स्टेनोग्राफर है। कहानी 2 ऐसी महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है।



## अजय से ज्यादा फीस ले रहे अक्षय...

मुंबई। अजय देवगन की कॉमेडी फ्रैंचाइजी फिल्म 'गोलमाल' की 5वीं किस्त काफी चर्चा बटोर रही है। फैंस का उत्साह इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि फिल्म में अक्षय कुमार भी आधिकारिक तौर पर शामिल हो चुके हैं। फिलहाल इस वक्त फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। इस बीच 'गोलमाल 5' से जुड़ा एक अपडेट आया है कि अक्षय करीब 18 से 22 दिनों के शूट के लिए मोटी फीस वसूल रहे हैं, जो अजय की अग्रिम फीस से ज्यादा है। एक बातचीत में, परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने अक्षय की फीस के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने कहा, अक्षय 18-22 दिनों तक शूटिंग कर रहे हैं और उन्हें लगभग 35-40 करोड़ रुपये मिल रहे हैं, जो अजय की अग्रिम फीस से ज्यादा है, क्योंकि उन्हें लाभ-साझाकरण के आधार पर भुगतान किया जा रहा है।

टीवी मसाला



## टीआरपी लिस्ट में हिला अनुपमा का सिंहासन, नंबर-1 पर वसुधा का कब्जा

मुंबई। टीवी की दुनिया में इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट ने बड़ा उलटफेर कर दिया है। जहां लंबे समय से दर्शकों के दिलों पर राज कर रहे 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' अपनी जगह से खिसकर नीचे आ गए हैं। वहीं दूसरी तरफ एक नए शो ने जबरदस्त ट्विस्ट और दमदार कहानी से नंबर-1 पर अपनी जगह बना ली है।

**नंबर 1 पर है, 'वसुधा'**: जी टीवी पर आने वाले इस शो वसुधा ने लोगों का दिल जीत लिया है। ये शो इस सप्ताह पहले नंबर पर है। गांव की लड़की और अमीर बिजनेसमैन की प्रेम कहानी पर आधारित ये शो लोगों के दिलो पर राज कर दिया है। शो को 2.0 रेटिंग मिली है।

**दूसरे नंबर पर है, 'गंगा माई की बेटियां'** : सरगुन मेहता के प्रोडक्शन में बना ये शो गंगा माई की बेटियां दूसरे नंबर पर काबिज है। शो को इस हफ्ते 1.7 रेटिंग मिली है। ये शो भी लोगों के दिलों में जगह बना रहा है।

**तीसरे नंबर पर क्योंकि सास भी कभी बहु थी** : एकता कपूर के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस बार अपनी जगह से हट चुका है। स्मृति ईरानी के इस शो की रैंकिंग में इस बार गिरावट देखी जा रही है। शो पहले नंबर से हटकर सीधा तीसरे स्थान पर पहुंच गया है. रेटिंग 1.7 है।

**चौथे नंबर पर तुम से तुम तक** : पॉपुलर शो तुम से तुम तक इस बार चौथे नंबर पर है। इस शो ने अनुपमा जैसे बड़े शो को पछाड़कर ऊपर जगह बना ली है। शो की रेटिंग 1.6 है।

**अनुपमा को लगा झटका 5वें नंबर पर पहुंचा** : टीवी के चहीते शो अनुपमा को तो इस बार बड़ा झटका लगा है। रुपाली गांगुली का ये पॉपुलर शो जो हमेशा नंबर 1 पर बना रहता है। इस बार ये शो पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। कभी ये शो लोगों को दिलों पर राज करता था। आज शो की रेटिंग 1.5 है।

### 'लाफ्टर शेफ 3 सहित अन्य शो की रेटिंग

लॉफ्टर शेफ 3 ने इस बार लंबी छलांग लगाई है। कॉमेडी और कुकिंग के मिक्सचर वाले इस शो ने फिर से दिलों पर राज करना शुरू कर दिया है। भारती सिंह और शेफ हरपाल सिंह का शो इस बार छठे स्थान पर है। वहीं नागिन 7 अब बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इस हफ्ते शो सातवें स्थान पर है। ये रिश्ता क्या कहलाता है आठवें नंबर पर काबिज है। शो को इस बार 1.4 रेटिंग मिली है। वहीं दूसरी ओर टीवी का पॉपुलर शो उड़ने की आशा इस बार नौवां नंबर पर पहुंच गया है। शो की रेटिंग 1.4 है। शो आज अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। वहीं एकता कपूर का शो स्पिन-ऑफ शो क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं, इस बार टीआरपी लिस्ट में शामिल हो चुका है। 1.4 रेटिंग के साथ यह शो दसवें नंबर पर है।

## 'खतरों के खिलाड़ी 15' में गौरव खन्ना को किस बात का डर?



मुंबई। टीवी के जाने-माने अभिनेता गौरव खन्ना आज रियलिटी शोज का बड़ा नाम बन चुके हैं। पहले उन्होंने फराह खान के शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ्स' के पहले सीजन का खिताब जीता। फिर सलमान खान के सबसे बड़े रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन का विजेता बने। अब गौरव का अगला कदम स्टंट आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' है, जिसमें आने के लिए वह तैयार हैं। हालांकि, शो में आने से पहले उन्होंने अपनी सबसे बड़ी चिंता पर बात की।

### 'खतरों के खिलाड़ी' को लेकर जाहिर की उत्सुकता

एक बातचीत में, गौरव ने रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की, लेकिन अपनी सबसे बड़ी चिंता का खुलासा भी किया। उन्होंने कहा कि शो में जाने से पहले उनकी सबसे बड़ी चिंताओं में से एक उनका 'कलर ब्लाइंड' होना है। वह अन्य शारीरिक चुनौतियों से भी जूझ रहे हैं। गौरव को डर है कि इसका असर शो के दौरान उनके कुछ स्टंट टास्क पर पड़ सकता है।

### खुद को अपना प्रतिद्वंदी मानते हैं गौरव

अभिनेता ने कहा कि जिंदगीभर इस समस्या के साथ जीने और इसे संभालने का अनुभव होने के कारण, वह इस चुनौती का सामना करने और यह जानने के लिए उत्साहित हैं कि वह खुद को कितना आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह अन्य प्रतियोगी की बजाए खुद को अपना सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी मानते हैं। टबता दें, शो की तारीख सामने नहीं आई है, लेकिन इसमें रुबीना दिलैक, ऋत्विक धनजानी और अविका गौर समेत कई सितारे नजर आएंगे।

## मां बनने के बाद भी बरकरार इन अभिनेत्रियों का स्टारडम, टूटा बॉलीवुड का सालों पुराना 'मिथक'

मुंबई। बॉलीवुड में एक दौर था, जब माना जाता था कि अभिनेत्री का करियर मां बनने के बाद ढलान पर आ जाता है, लेकिन आज की पीढ़ी ने इस धारणा को बदल दिया है। समकालीन भारतीय सिनेमा में मातृत्व अब करियर का 'फुल स्टॉप' नहीं, बल्कि सशक्त पारी की शुरुआत बन गया है। मातृत्व दिवस पर हम आपको उन अभिनेत्रियों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने मां बनने के बाद अपने करियर को नई दिशा दी और सफलता की मिसाल पेश की।



*दीपिका पादुकोण और प्रियंका चोपड़ा*

दीपिका पादुकोण के लिए मां बनना करियर में रुकावट नहीं। 'जवान' और 'पठान' जैसी फिल्मों के साथ वो अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स और अपने प्रोडक्शन हाउस को संभाल रही हैं। साथ ही फिल्म इंडस्ट्री में मांओं के लिए 8 घंटे की शिफ्ट की वकालत भी कर रही हैं। उधर प्रियंका चोपड़ा ने दिखाया है कि वैश्विक करियर और मातृत्व साथ चल सकते हैं। हॉलीवुड फिल्में, बिजनेस और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के बीच प्रियंका बेटी की परवरिश के साथ हर मोर्चे पर सक्रिय हैं।

*करीना कपूर और आलिया भट्ट*

करीना कपूर ने साबित किया कि मां बनने के बाद ब्रेक लेना जरूरी नहीं। 'गुड न्यूज और 'जाने जां' जैसी फिल्मों के जरिए उन्होंने बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक पर अपनी धाक जमाए रखी। आलिया भट्ट आज की पीढ़ी की उन मांओं का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो एक साथ कई मोर्चे संभाल रही हैं। मां बनने के बाद भी वो बड़े बजट की फिल्मों के साथ अपने प्रोडक्शन हाउस 'एटरनल सनशाइन' और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स को बखूबी संभाल रही हैं।

*नेहा धूपिया और जेनेलिया डिसूजा*

नेहा धूपिया ने दूसरी प्रेग्नेंसी में फिल्म 'ए थर्सडे' की शूटिंग कर दिखाया कि मातृत्व करियर की बाधा नहीं है। वो कामकाजी मांओं के अधिकारों के लिए भी खुलकर आवाज उठाती हैं। दूसरी ओर जेनेलिया डिसूजा ने खुद की प्रोड्यूस की हुई फिल्म 'वेड' से पर्दे पर सफल वापसी की और अब उनकी 'राजा शिवाजी' धूम मचा रही है। फिल्मों के साथ-साथ जेनेलिया 'इमेजिन मीट्स' ब्रांड के जरिए एक सफल उद्यमी के रूप में भी अपनी पहचान बना रही हैं।

*रानी मुखर्जी और ऐश्वर्या राय*

रानी मुखर्जी के लिए मातृत्व करियर का मजबूत पड़ाव साबित हुआ। उन्होंने 'हिचकी', 'मर्दानी' फ्रैंचाइजी और 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' जैसी फिल्मों से साबित किया कि मां बनने के बाद भी अभिनेत्री अपने दम पर फिल्में हिट करा सकती है। उधर ऐश्वर्या राय ने 'सरबजीत' से लेकर 'पोन्नियिन सेलवन' तक मां बनने के बाद भी दमदार किरदार निभाए। कान्स फिल्म फेस्टिवल जैसे तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उनकी मजबूत मौजूदगी दिखाती है कि मातृत्व ने उनके स्टारडम को और निखारा है।

### नेटफ्लिक्स पर आते ही कुछ ही मिनटों में सर्वर हो गया क्रैश

## 'धुरंधर 2' का पाक में 'आतंक', 12 बजते ही टूट पड़ी जनता; मिनटों में नेटफ्लिक्स क्रैप

*मुंबई। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' ने रिलीज होते ही सरहद पार तहलका मचा दिया है। पाकिस्तान में फिल्म को लेकर दीवानगी का आलम ये रहा कि नेटफ्लिक्स पर आते ही कुछ ही मिनटों में सर्वर क्रैश हो गया। फिल्म की कहानी को लेकर वहां विवाद और बहस तो छिड़ी है, लेकिन दीवानगी ऐसी है कि लोग इसे देखने के लिए टूट पड़े हैं। सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी रिव्यूअर का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।*

### पाक में भारी भीड़ के कारण सर्वर हुआ ठप

'धुरंधर 2' पाकिस्तान में पहले ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे चुकी है। पाकिस्तान में इसे लेकर दीवानगी का आलम यह था कि भारी ट्रैफिक के कारण रिलीज के कुछ ही मिनटों के भीतर नेटफ्लिक्स का सर्वर क्रैश हो गया। हालांकि, सोशल मीडिया पर कई पाकिस्तानी नागरिक इस फिल्म की आलोचना भी कर रहे हैं और इसे 'प्रोपेगेंडा' करार दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद फिल्म को देखने के लिए वहां जबरदस्त होड़ मची हुई है।



### कैसे 'धुरंधर 2' ने डाउन किया नेटफ्लिक्स

पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर माविया उमर फारूकी ने एक वीडियो साझा कर दावा किया है कि पाकिस्तान में 'धुरंधर 2' के प्रीमियर होते ही नेटफ्लिक्स का सर्वर क्रैश हो गया। वीडियो में उन्हें ये कहते सुना गया, पाकिस्तान में आज ही 'धुरंधर 2 रिलीज हुई और सर्वर क्रैश हो गया। पाकिस्तानी इंतजार ही कर रहे थे कि कब रात के 12 बजें, नेटफ्लिक्स फिल्म डाले और सब एक साथ मिलकर क्लिक करें। इस तरह 'धुरंधर' का शौक देखा गया है इधर।

### सच हो या झूठ, हमें बस देखना है

माविया ने वीडियो में आगे कहा, अब सच या झूठ कुछ भी दिखाया गया हो, वो अलग बात है, लेकिन पाकिस्तानी ये देखना चाहते हैं कि फिल्म बनी कैसी है। रणवीर सिंह का किरदार कैसा है, यह तो सबको पता है। लयारी में सच में ऐसा हुआ था या नहीं, वह बाद की बात है। उनका इशारा फिल्म की कहानी और उसके ऐतिहासिक तथ्यों की ओर था, जिसे लेकर पाकिस्तान में काफी बहस छिड़ी हुई है।'

## पेड्डी' से दिव्येंदु की आई पहली झलक खलनायक बनकर मचाएंगे तहलका

मुंबई। सुपरस्टार राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोर रही है। गेम चेंजर' (2025) के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद लोग उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। फिल्म में जाह्नवी कपूर मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। इसके अलावा एक और बॉलीवुड अभिनेता हैं, जो 'पेड्डी' में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह वेब सीरीज 'मिर्जापुर' वाले दिव्येंदु हैं, जिनकी फिल्म से पहली झलक आ गई है। पोस्टर में दिव्येंदु को 'रामबुज्जी' के किरदार में पेश किया गया है। फिल्म में उन्हें ग्रामीण आंध्र प्रदेश की क्रिकेट से भरी दुनिया में अपना दबदबा बनाए रखने वाले एक निर्मम खलनायक के रूप में देखा जाएगा। पोस्टर में उनका जोशीला और तीव्र लुक देखने को मिल है, जो कहानी में एक रोमांचक, प्रतिद्वंदी और गंभीर टकराव होने का संकेत देता है। फिल्म का ट्रेलर 18 मई को रिलीज होगा, जबकि ये 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

